> "We must perfectly and absolutely make it clear to them that we shall encourage tribal languages. We must encourage tribal languages to the utmost possible extent, even to the extent of inventing a script where there is none."

But, actually, no script for the tribal language has yet been invented and no definite step has been taken, especially in Orissa, to teach the tribal children in their mother tongue. The Prime Minister pointed out that the Russian Government has carried out the scheme very successfully. I have seen in some booklet that they have provided a written form for the language of people whose number is only 6,000. Six thousand people speaking a particular tribal language have been given a written form there. But there are many tribals whose number is more than a lakh and who speak a particular tribal language; but no script has as yet been invented for them and they are not given education in their mother tongue.

I have another amendment about the Scheduled Castes and Scheduled Tribes not being enrolled as such in the Employment Exchanges throughout the States. The Commissioner has pointed out that in Delhi only those people who are declared as Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the State are being enrolled as such and those Scheduled Castes and Tribes coming from outside may not be enrolled as such in the Delhi Exchange. I think Government will take proper steps because the Scheduled Castes and Scheduled Tribes should be treated in the same way throughout the Indian Union. Otherwise, other Scheduled Castes and Scheduled Tribes who are declared as such outside Delhi will not be eligible to be enrolled as such here if this order is followed. All the offices of the Central Government are located here; and they will not get jobs. I think Government will take proper steps to see that all the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, who are once declared as such, are registered as such in the Employment Exchanges.

Shri Ramdhani Das (Nawada—Reserved—Sch. Castes): Mr. Chairman, I am very grateful for the opportunity given to me to speak on this occasion. It is an unchallengable fact that even among the Harijans there is disparity not only in social status but also in different fields of life such as education, economic condition and political advancement. In the field of education, Sir, I must say that the most backward Harijans like the Doms and others who have been well-classified by the Commissioner in his first report and subsequent reports also, are lagging far behind. When one goes into the detail, one is bound to see that the students of these castes are so small in number that it is practically equal to nil in colleges. In the secondary stages, their number is so low that it can be counted on fingers. So is the case in the lower stages also Now, the question is: why is this so and how can they be educated?

My answer to the first question is this. Because of their backwardness in every field of life and mostly due to their poverty they are not in a position to utilise the facilities which are insufficient for them. For the second question my answer is that unless and until a handsome amount of scholarship is granted at the very beginning, they cannot get education as expected I suggest that the Government should make arrangements for residential schools where such students can be found in numbers. Where it is not possible to provide residential schools,

individual students should be given a stipend of Rs. 25 per month or it may be a sum which the Government thinks fit to meet the necessities of life like food, clothing, etc.

I now turn to the economic condition and I must say that whatever facilities are being given by the Government, these people are not in a position to take advantag of them and in this connection, I should like to say that the first thing for the Government to do is to give them such aid as to make them their own houses. In any case, they can not be expected to contribute anything substanital for this purpose and so I suggest that Rupee 1500—1600 should be given as help to an individual not only in urban areas or in Government employ but to people belonging to all such castes in rural areas and villages.

Their reservations is a very important question and it requires serious consideration by the Government. Here, I must say that due to their backwardness, they could not have organised themselves to get redress of their grievances and could not get represenetation what to speak of the legislatures even in local bodies and such institutions. They are the bones of these institutions but they are not actually represented there. I hope the Government will not wait for their cry but will try to end their cry which is being seen ahead. With your permission, I should like to ask the Government whether, when the Government is financing Harijans for college and higher education, it cannot do this even for primary education for the most backward Harijans by accepting my suggestion or by any other alternative means. Again, may I ask the Government whether it cannot provide such poor people with houses of their own when the Government is financing the Harijans to take to other business such as agriculture and industry? Lastly, I should like to know whether it is too much to ask that their rights and privileges granted under the Constitution should not be allowed to be usurped by progressive Harijans leaving the really backward classes to rot. I hope the Government will give sympathetic consideration to my suggestions and will try to answer the questions that I have raised.

श्री दिग्विजय प्रसाद (आजमगढ़-रक्षित-अनुसूचित जातियां) : जनाब चेयरमैन साहब, आज शैडयल्ड कास्ट और शैडयल्ड ट्राइब्स कमिश्नर की रिपोर्ट पर बहस चल रही है। यह समस्या बहुत समय से है और हिन्दुस्तान में बड़े बड़े विचारकों ने, सुधारकों ने, जिन्होंने समाज के सुधार के लिए तरह तरह के विचार पेश किए हैं, इसको हल करने के उपाय सुझाये हैं। महर्षि दयानन्द जी ने इस पर प्रकाश डाला और आर्य समाज के नाम की संस्था को चलाया जिस की वजह से बहुत कुछ सुधार भी हुआ। लेकिन उसके प्रयत्नों के बावजूद भी यह समस्या हल नहीं हुई। उसके बाद गांधीजी फील्ड में आए और उन्होंने इसको कांग्रेस का प्रोग्राम बनाया। इसके बाद डा० अम्बेडकर ने इस प्रश्न को उठाया और यह समस्या देश के सामने विशेष रूप से उपस्थित हुई। यह सब कुछ होते हुए भी आज हम देखते हैं कि यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। हम देखते हैं कि गांवों में या शहरों में कहीं भी इस समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ है।

हमने एक एक्ट पास किया, इसी पार्लिमेंट ने पास किया, इस अनटचेबिलिटी के बारे में। लेकिन उस एक्ट से भी समाज को कोई विशेष लाभ नहीं हुआ और यह अनटचेबिलिटी बहुत से स्थानों पर अभी तक भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। हमारे बहुत से मित्रों ने कहा है कि हम ने इस एक्ट का अच्छी तरह से प्रयोग नहीं किया है, हमने जो अपराधी हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की है। लेकिन मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि डंडे के बल से या कोई एक्ट पास कर देने मात्र से ही कोई विशेष फायदा हो सकता है। इससे लाभ तभी हो सकता है जब हम पब्लिक ओपिनियन इसके फेवर में क्रियेट करे और

[श्री बिश्वनाथ प्रसाद]

उसको क्रियेट करने के लिए केवल एक्ट बना देना ही काफी नहीं है। हमें चाहिये कि हम तरह तरह की किताबें छपवायें और उनमें इस बुराई को दूर करने के उपाय बतायें, जो बुराइयां हैं, उनका समावेश उन में करें और उन किताबों को गांव गांव में, घर घर में बांटें, उनका प्रचार करें। जब ऐसा हुआ तब जा कर अनटचेबिलिटी दूर हो सकती है, वर्ना नहीं। आज भी गांव में जाने पर पता चलता है कि अनटचेबिलिटी ज्यों की त्यों है, कुओं पर से पानी लोग नहीं ले सकते हैं और उनके गांवों में मकान अलग से बसे हुए हैं। आज भी कुछ स्टेटों में ऐसा है कि हरिजन छात्रों के लिए जो बोर्डिंग हैं वह अलग हैं। इस प्रकार उनको अलग रख कर उनकी अलग बस्ती बसाना ठीक नहीं है। इससे अनटचेबिलिटी नहीं मिट सकती।

दूसरी चीज यह है कि कालिजों में और गवर्नमेंट आफिसों तक में अनटचेबिलिटी ज्यों की त्यों है। लिखने पढ़ने पर कुछ केसेज गवर्नमेंट के सामने आए लेकिन उनमें कोई कड़ा ऐक्शन नहीं लिया गया।

आज हमारे सामने जो प्रश्न है वह गांवों का है। गांवों में बहुत से ऐसे हरिजन बसते हैं जिनके पास जमीन नहीं है। बहुत से भूमिहीन मजदूर हैं जिनके पास जमीन नहीं है। मजदूरी भी इतनी कम है कि उस में उनका जीना मुश्किल है। हाउस को यह सुनकर ताज्जुब होगा कि आज भी उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में दो आने रोज मजदूरी है। इतनी मजदूरी में किस तरह किसी आदमी का काम चल सकता है। जब अकाल आता है तो इन लोगों को चीनी निकालने के बाद जो शीरा बचता है वह तक नहीं मिलता। आज भी उन पर भतपूर्व जमींदारों का अत्याचार ज्यों का त्यों है। आज भी बेगार जारी है। जमींदार टूटने से इतना जरूर हुआ है कि उनको अपनी झोंपड़ियों बनाने की जमीन मिल गयी है। इससे उनको यह फायदा हुआ है कि जहां वह पहले बेगार करते थे उससे बच कर वह शहर में जा कर कुछ काम कर लेते हैं।

जहां तक उनके रहने के स्थान का सम्बन्ध है, वह आज भी गन्दा है और आज भी उनके पास झोंपड़ियां हैं। किसी किसी गांव में ऐसा है कि जहां उनके घर बने हुए हैं उनके चारों तरफ एक्स लेंडलार्डस की जमीनें हैं और उनको मिट्टी लेने की और दूसरी तरह की दिक्कतें उठानी पड़ती है। मैं चाहता हूं कि तीसरी योजना में जो प्लान बने उसमें इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।

मैं चाहता हूं कि इन लोगों के लिए गांवों में छोटे छोटे उद्योग खोले जाएं और उनको इन उद्योगों के लिए रुपया दिया जाए तो उनको बहुत फायदा हो सकता है।

अब मैं सरविसेज के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। स्वराज्य होने के बाद से शिड्यूल्ड कास्ट और शिड्यूल्ड ट्राइब वालों को तीसरी और चौथी श्रेणी की नौकरियों में तो स्थान मिलने लगा है, लेकिन आई० ए० एस० तथा पी० सी० एस० जैसी ऊंची नौकरियों के लिए उनको आज भी अनसूटेबल कह कर नहीं लिया जाता।

अभी हाल में होम मिनिस्ट्री में हिन्दी टीचर्स का सिलेक्शन था। पता नहीं कि वह लिस्ट फाइनलाइज हुई या नहीं और पता नहीं चलता कि उसमें कोई शिड्यूल्ड कास्ट के लोग लिये गये या नहीं। पूछने पर भी इसका पता नहीं लगता कि कोई सूटेबिल कैंडीडेट मिला या नहीं और मिला तो कैसा मिला। तो यह सब हमारी समस्यायें हैं।

आज देश में सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांवों में मर्डर और खून खराबियां बहुत हो रही हैं। हरिजनों के पास मुकदमों की पैरवी करने के लिये कचहरियों में जाने को पैसा नहीं है। इसलिये उनको बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। अगर वह वकील के पास जाते हैं तो वह पैसा मांगते हैं जिसको वह दे नहीं

सकते । दूसरा कोई रास्ता नहीं है । मेरा सुझाव है कि गवर्नमेंट हर जिले में एक एक वकील नियुक्त करे जो कि हरिजनों को उनके मामलों में सहायता दे ।

दूसरी बात मैं शिक्षा के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । इस दिशा में केन्द्रीय सरकार की तरफ से काफी स्कालरशिप दिये गये हैं और दिये जा रहे हैं मैट्रिकुसूशन से प्लेकर ऊपर के क्लासेज तक के लिये । लेकिन उनका पैसा वक्त पर नहीं मिल पाता । वह पैसा विद्यार्थियों को जनवरी और फरवरी में मिलता है जिसकी वजह से वह किताबें आदि नहीं खरीद सकते और पढ़ नहीं पाते ।

गवर्नमेंट सर्विस में जहां शिड्यूल्ड कास्ट वालों को लिया जाता है, वहां भी उनको बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । कहीं कहीं तो उनको अपनी जाति छिपा कर रहना होता है क्योंकि अगर वह खुल कर रहें तो उनकी बेइज्जती की जाती है ।

इस अवस्था में आज यह सोचना बहुत आवश्यक है कि किस तरह से हरिजनों का सुधार हो और किस तरह से उनकी समस्याओं का हल हो । इस सम्बन्ध में मेरी तो मिनिस्टर साहब से यह प्रार्थना है कि होम मिनिस्ट्री में आप एक विभाग खोलें—मैं नहीं चाहता कि आप इसके लिये अलग मिनिस्टर रखें—जिसका काम यह हो कि हरिजनों के सब मामलों को नीचे से ऊपर तक देख, उनकी सर्विस के बारे में देखे, और अगर कोई छूतछात के केसेज हों तो उनको देखें । मैं चाहता हूं कि गवर्नमेंट के अन्दर एक मैशीनरी हो जो कि हरिजनों की समस्याओं के बारे में देखे और उनके रहन सहन आदि के बारे में काम करे । वह यह भी देखे कि गांवों में हरिजनों के बसने का ठीक से इन्तिजाम हो ।

आज भी हरिजनों की हालत बहुत बुरी है । कहने को म्युनिसिपैलिटियां और कारपोरेशन काम करते हैं लेकिन आप जाकर हरिजनों की बस्तियों को देखिए जहां भंगी या चमार बसते हैं या और छोटी जाति के लोग बसते हैं, वह बस्तियां कितनी गन्दी हैं । न वहां नालियां हैं न नल हैं । इन सब चीजों को देख कर आज भी दिमाग में यह चीज आती है कि इस देश का भला कैसे होगा । अगर समाज का एक अंग सड़ा हुआ है तो उससे देश को हानि पहुंचेगी । आज इस अंग को निगलेक्ट किया जा रहा है । और इसीलिये इस वर्ग के लोगों को परेशानी होती है ।

Shri B. C. Mullick (Kendrapara-Reserved-Sch. Castes): Mr. Chairman, Sir, I am very thankful to you for giving me a chance to participate in this debate. Sir, much has been spoken about the delay in the implementation of the programmes meant for the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The Report reveals that there is a great shortfall in expenditure during the first three years of the Second Plan. Out of the total provision of Rs. 91 crores, up to the end of 1958-59 only a sum of Rs. 32·20 crores has been expended. Even after the liberalisation and simplification of the procedure nothing more has been done. Once again the Commissioner has rightly observed that the progress is very slow due to lack of co-ordination between the various administrative departments and the welfare departments of the States dealing with these schemes.

Sir, the Commissioner has also clearly said that the State Governments are not realising their responsibilities. If this is going to be he attitude, then how can we expect that the programmes as planned will be achieved in the next few years. I feel that the Central Government is very callous towards this. From my experience I find that the Centre cannot take the State Governments to task except making occasional requests. I would like to ask one question to the hon. Minister. If the State Governments do not perform their

[Shri B. C. Mullick]

duties, what can the Central Government do in the matter? The poor Commissioner has no power except in making these voluminous recommendations every year. Most of his recommendations are neither implemented nor looked into. His post is for a show, just to satisfy the Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

Then I come to my second point, and that is about the creation of single-member constituencies. I have also moved an amendment dealing with that question. The hon. Deputy Minister also spoke something about it. I do not understand why this matter is delayed. It was discussed several times in the informal consultative committee and a decision was taken by the Chief Ministers of the different States. This was also mentioned in the President's address to both Houses of Parliament this year. I do not know why this matter is delayed further. It is very essential to take an early decision; otherwise it would be very difficult for us to prepare ourselves for the next general elections.

In regard to our representation in the Cabinet in Orissa, I have to inform the House with great regret that a great injustice has been done to a population of about 55 lakhs Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The total strength of Scheduled Caste and Scheduled Tribe M.L.As in Orissa Vidhan Sabha is 54 out of a total membership of 140 seats. But nobody was taken as a Minister or Deputy Minister in the Coalition Ministry. Could such a big population tolerate this game of politics? The fact is they do not like to create disturbances in the country. Whatever may be the injustice done to them, they accept them. But I am surprised why the Central Government have closed their eyes. They can ask the State Government to do the right thing for the establishment of a healthy democratic siprit in the country.

I now come to representation on the Public Service Commissions. It is a sad fact that few Members from the Scheduled Castes are found on the Public Service Commissions. There are Scheduled Caste Members on the Commission only in two States. Adequate representation should be given to them on all the Public Service Commissions and other recruiting bodies for proper safeguarding of the rights of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

It is a matter for regret that the quota for 1959-60 for 12 overseas scholarships for Scheduled Castes and Scheduled Tribes has been suspended on the plea of foreign exchange difficulties. A statement laid on the Table in reply to my Unstarred Question No. 214, dated the 3rd August 1960, says:

> "Pending the report of the Screening Committee appointed to review all overseas scholarships schemes with reference to foreign exchange difficulties, steps could not be taken in time to make the selections against 1958-59. The 12 scholarships of the 1958-59 quota were however awarded during 1959-60. As the 12 awards of 1958-59 were actually made in 1959-60, the quota for 1959-60 was not sanctioned."

I want to know from the hon. Minister whether the other scholarships of the Government of India have been suspended on the same ground.

The financial aid given to the backward States like Orissa for the benefit of the children of the Scheduled Castes is very inadequate. On account of this many Scheduled Caste students are not getting any stipends. The State Government of Orissa has fixed a percentage barrier. Only students securing above 40 per cent. are receiving help; the others are compelled to give up their studies. The imposition of a percentage barrier or merit test in the pre-Matric

stage is improper, undesirable and harmful. All poor students in the pre-Matric stage should get help irrespective of any test, of course on promotion to the next higher class. In view of this, I request the Minister to increase the financial assistance given to the very backward States from 50 per cent to 75 per cent.

The housing condition of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes is very deplorable. The subsidy given for construction of houses is not sufficient to build good houses. This grant should be increased up to Rs. 1,500. Those people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes who are comparatively in a better position find it difficult to get loans from the Government under the general housing schemes for the construction of standard houses. I would suggest to Government that in their case a separate provision should be made for advancing loans to such people free of interest.

There are several irregularities in the construction of Harijan colonies. About three years back money was sanctioned for the construction of houses at Dhamnagar in Orissa for 10 Harijan families. I am surprised to know that even within three years houses could not be constructed. I understand from a friend who is a Member of this House that the timber purchased for this purpose has been eaten away by white ants.

I come to the last point—regarding untouchability. Untouchability still prevails in the country. Barbers and washermen do not serve the Scheduled Castes in the villages. The untouchability that is now prevailing in the country will be eradicated only when all the Scheduled Caste people are educated properly and their financial condition is very sound. I would in this connection like to make a small suggestion that a committee should be set up in every sub-division under the chairmanship of the SDO. The local representatives MLAs and MPs, social workers and other officials at the sub-divisional level should be represented on the Committee. The committee will meet from time to time to discuss the prevalance of untouchability. No financial aid should be given to non-official organisations for removal of untouchability. Many of the so-called social workers of these organisations are more engaged in politics than in social work. A committee has been set up in Orissa to go into the question of the working of these bodies. I would suggest that similar committees should be appointed in all the States.

Shri Subodh Hansda: Sir, this report which is now under discussion was submitted to this House on the 2 th of September, 1959 and eleven months have passed. I am glad the hon. the Speaker gave a ruling this morning that every report should be discussed within fifteen days of its presentation. I do not think anything good would come out of discussion eleven months after the presentation of a report. We do not know what has happened within this period of eleven months. The hon. the Home Minister placed a statement of the action taken by the State Government on the report on the Table of the House. That document also is not with us. I would like to impress on Government that this sort of delay should be avoided in future. I hope the Minister will take note of this aspect of the matter.

Now, I find that the report is not at all a comprehensive one. The Commissioner himself has admitted that it is not a comprehensive one. He says:

> "Up-to-date data concerning the distribution of agricultural land to the Scheduled Caste and Scheduled Tribes and other backward classes and correct information regarding the percentages of reservation in services reached by these communities so far in different States is not however still available with a number of them.

[Shri B. C. Mullick]

It is desirable that this important data is collected by all the State Governments for keeping the relevant records up-to-date so as to convince the country of their efforts....."

I could not understand how the Commissioner was satisfied and why he should not give the full facts before us. I fail to understand how he is satisfied with the activities of the State Governments. My experience shows and this report also shows that the State Governments are rather unsympathetic if not indifferent about the Scheduled Tribes. I think the State Governments feel that they fulfill their duty by spending huge amounts of money for the welfare of these people. I want to point out here an interesting paragraph from the report of the Commissioner regarding expenditure. I find that out of the amounts allotted for the welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, there is no expenditure incurred almost during the first nine months of the year, but during the last quarter of the year, the entire amount is spent. Within three months, the whole amount is spent. This is what the Commissioner says:

> "From the progress report received from one of the State Governments relating to Centrally sponsored programmes for the year 1958-59, I noticed that while expenditure incurred by the State Government during the first three quarters was only Rs. 1·67 lakhs, they proposed spending an amount of Rs. 19·70 lakhs during the last quarter of that year.
>
> In another case, out of an amount of Rs. 60 lakhs earmarked for communication in the second Five Year Plan period, not a single pie could be spent during the first three years of the Plan period and the State Governments now propose spending the whole amount in the remaining two years. All this leads to the belief that the plans are not properly thought of before hand with the result that the schemes cannot be implemented immediately after the sanction.

So, I venture to say that the State Governments are rather indifferent to the welfare of these people. When the amount is spent at the end of the year, that amount is spent extravagantly, and I feel that most of the sums are misappropriated and sometimes the amount goes to the pockets of the contractors or to some interested parties. So, what I feel is, when the Central Government is so anxious for the upliftment of these people, the Central Government should take steps to see that the States utilise the amount just in time. Also, the Central Government should ask the State Governments to submit quarterly reports so that they are apprised of the whole position.

When the States are so indifferent to the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, I would like to submit that the present organisation under the Central Government should be made very strong. In the present set-up, there are only nine assistant commissioners throughout the country and one commissioner in the Centre. One Assistant commissioner has to serve two or three States and it is very difficult to move from one place to another, when there is only one Assistant commissioner for two or three States, to see the projects that are meant for the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. It is practically impossible for the commissioner to visit all the projects and evaluate them. Therefore, I submit that this organisation should be widened. I also submit that there should be at least two or three officers in each State under the assistant commissioner so that they can keep a better contact with the people and also look into the welfare programmes properly.

I find that the responsibility of the assistant commissioner is very great. I find from the report that some of the additional work like the inspection of destitute homes or the infirmaries that are set up for the displaced persons in various parts of the country has been entrusted to this organisation. I feel that when there is a great shortage of staff in this organisation it is not wise to entrust the officers under this organisation with this task also. I hope the present orders entrusting them with the additional work will be withdrawn.

It has been repeatedly stated in this House that there must be some consolidated list of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I am sorry to say that this request has been turned down on the plea that it is not a feasible proposition. But here, I want to say that as there is no consolidated list for these classes of people for the whole country, the number of difficulties are cropping up. Some of the difficulties have been stated by my friend Shri Majhi. Regarding employment exchanges, I would like to say that these exchanges are only open to those people who belong to the particular State and those who do not belong to that particular State or area are debarred from registering their names in the employment exchange. Such is also the case with regard to educational facilities. For example, my community is recognised as a Scheduled Tribe in the States of Bihar, West Bengal and Orissa. When that community has migrated to Assam in the tea gardens, there, they are treated as backward classes, and they are denied all the facilities that are enjoyed by their fellow-brothers in the States of Bihar, West Bengal and Orissa.

Shri Jaipal Singh (Ranchi West—Reserved—Sch. Tribes): Shame.

Shri Subodh Hansda: I would like to point out one more thing. In the report, there is reference to a dhobi boy. He was recognised as a Scheduled Caste in Uttar Pradesh, but when he went to Bombay, he was not recognised as a Scheduled Caste there, because he had migrated from Uttar Pradesh to Bombay. I do not think it is a sin or a crime for the Scheduled Caste or Scheduled Tribe people to move from one place to another in search of a job or for any other thing. If they settle down in another place, I do not think it is a crime. Therefore, I say that there must be some consolidated list. If a list is not prepared, I think there will be a number of problems cropping up in this way.

Another thing with which I want to enlighten the House is this. As the House is aware, a number of dams and industrial projects have been set up in this country and due to the construction of these things, many people have been made refugees. From the report I find that during the first five year Plan thousands of people had become refugees and only 50 per cent of them have been rehabilitated. But those who have been rehabilitated have not been properly rehabilitated. From the report I find that those people who have been rehabilitated have been given meagre lands and those lands also are very infertile and barron. This is what the Commissioner, in his report, says in this connection:

> "It has also been observed that in most of the cases the new land allotted to each family is meagre and infertile. For instance, 501 Scheduled Caste families were displaced from 1,002 acres of land on account of the Durgapur Steel Project in West Bengal and all of them have been allotted only 42 acres of new land. Similarly, out of 84 Scheduled Tribe families displaced from 80 acres of land, 80 families have been resettled on 7 acres of land only."

Therefore, I say that these displaced persons should be rehabilitated properly. Now, we are at the end of

[Shri Subodh Hansda]

the second Plan. I want to know this: for whose fault these people have not been rehabilitated since the fulfilment of the first Plan.

As regards representation in the services, much has been said, and I only want to quote here from the report one aspect of the matter.

From the report, I find that in Class I and Class II services, representation is very very meagre. Even in Class III and Class IV services, it is not up to the point. It is always said in this House that suitable candidates are not at all available. I do agree with that in regard to Class I and Class II services, but I disagree in regard to Class III and Class IV services. (*Interruption*). Sometimes qualified candidates are not available and that is why I agree in regard to Class I and Class II services. But for Class III and Class IV services, I disagree that suitable candidates are not available.

The Commissioner has said in his report:

> "It came to our notice that about 34 vacancies of Class IV under the D.T.S. Khurda Road, Orissa, which were reserved for Scheduled Tribes were not filled for want of suitable candidates. My Assistant Commissioner at Bhubaneswar approached the Deputy Secretary Tribal and Rural Welfare Department, Government of Orissa and the matter was taken up with the authorities concerned. It was then decided to call for names of Scheduled Tribe candidates from the concerned centres. To everybody's surprise about 300 applicants turned up, out of whom the requisite number of candidates were selected for Class IV posts and the rest were put on the waiting list. Out of these 300 candidates, a panel of 7 names of Matriculates was also sent to the General Manager, S.E. Railway, Calcutta, for absorption in Class III posts, as they were also finding shortage of suitable candidates from this community."

So, I do not believe that the candidates are not at all available. It is due to the lack of interest on the part of the various appointing authorities and the State Governments. That is why such vacancies are not filled up.

Regarding the non-official agencies functioning in different parts of the country for the welfare of scheduled castes and scheduled tribes, as already stated by my hon. friend, Shri Majhi, there is no proper check of the amount that is given as grants-in-aid to these organisations. I would also like to point out how the organisations are receiving grants-in-aid and how they are spending that amount. I find there is always a short-fall of their accounts and also short-fall of expenditure. We have organisations which have been receiving lakhs of rupees since 1956, but no accounts have been submitted by them up till now. I do not know whether it has been submitted now.

For example, the Khadi and Village Industries Board, Uttar Pradesh, was given a grant-in-aid in 1957-58 of Rs. 2,21,000 and yet no accounts are available up till now. The Andhra Pradesh Adimjati Sevak Sangh was granted in 1956-57 Rs. 1 lakh, but no account is available. For 1958-59, it was given Rs. 1,10,800, but no account is available. There are two other small organisations which have no accounts at all. So, I want to submit that there must be proper checking whether the amounts given as grants-in-aid to these non-official organisations are properly utilised or not. I also want to say that Government should take steps against those organisations which have taken money in 1956-57 and not submitted their accounts up till now. Proper steps should be taken against those organisations and also steps should be taken to see that these organisa-

tions are not given any grant in the near future.

Lastly, regarding reservation in local bodies, it has also been said in this House last time that there should be reservation in the local bodies. As you are aware, in the States Panchayat Bills are being enacted and I do not find any such reservation in those Bills. These local bodies will be given much power in future and if these bodies are not represented by these people, it will be a grave injustice. I hope the Minister will take note of this and take steps accordingly.

14.55 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair.*]

श्री राम शरण (मुरादाबाद) : सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आयुक्त महोदय को बधाई देता हूं जिन्होंने इतनी लगन और तत्परता के साथ काम किया और उसी तत्परता और लगन के साथ इस रिपोर्ट को लिखा है। उनकी रिपोर्ट से स्पष्टवादिता भी झलकती है जैसा मैं आगे चल कर उद्धरण देकर बताऊंगा कि एक तरफ तो इतनी लगन और तत्परता से काम हुआ है और दूसरी तरफ राज्य सरकारों और दूसरे सरकारी महकमों का जहां तक सम्बन्ध है, न तो कार्य के बारे में और न ही जब आंकड़े मालूम किये जाते हैं, उनके बारे में कुछ जानकारी दी गई है। अकसर इस रिपोर्ट में इस बात को स्वीकार किया गया है कि "अप्राप्य" या "नाट अवेलेबल" है। जब कभी भी राज्य सरकारों से आंकड़े मांगे गये हैं, तो उन्होंने उनको देने में असमर्थता प्रकट की है। अगर मोटी मोटी दो एक बातें ही ले लें तो उनसे ही यह चीज स्पष्ट हो जाएगी। भूमिहीन हरिजन जो हैं उनमें कितनी जमीन बांटी गई है और नौकरियों में जो उनके लिये स्थान सुरक्षित हैं, उनको उनमें से कितनी नौकरियां दी गई हैं या इन का प्रयत्न किया गया है, ये दो बातें अगर मालूम हो जाएं तो लोगों में सन्तोष की भावना पैदा हो और जो कार्य किया जा रहा है उसके प्रति वे आभार प्रकट करें। लेकिन दोनों ही बातों का कोई परिचय नहीं मिलता है।

साथ ही साथ यह भी देखा जाता है कि सैंट्रल गवर्नमेंट ने जब से दो तीन साल पहले से वेज एण्ड मीन्स एडवांस देना शुरू किया है तब से स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। पहले यह होता था कि मार्च के महीने में जितना भी खर्चा है उसको खत्म करने का प्रयत्न किया जाता था लेकिन अब यह प्रथा हो गई है कि तीन चौथाई जो खर्चा है किसी मद का वह नौ मासिक इंस्टालमेंट्स के द्वारा दिया जा सकेगा और बाद को नौ इंस्टालमेंट्स जब पूरी हो जाएंगी तो देखा जाएगा कि एक चौथाई किस प्रकार से और दिया जाए। लेकिन इतना होने पर भी देखा जाता है कि बहुत सारी मदों में जो खर्चा मंजूर हुआ है वह पहली तीन जो शशमाहियां हैं उनमें खर्च नहीं होता है और आगे चल कर चौथी शशमाही में उसको खर्च करने का प्रयत्न किया जाता है। कम्युनिकेशन की मद में ६० लाख रुपया इसमें मंजूर किया गया दूसरी योजना में। लेकिन पहले तीन वर्षों में कुछ भी खर्च नहीं किया गया और अब प्रयत्न किया जाएगा या किया जा रहा होगा कि कुल रुपया इन दो वर्षों में खत्म किया जाए। एक तरफ देखने में आता है कि अव्वल तो इन लोगों के वास्ते जो रुपया मंजूर किया जाता है वह अधिक नहीं होता है जैसा कि अभी वाल्मीकी जी कह रहे थे कि तीसरी योजना में सौ करोड़ का प्रबन्ध है जो बहुत कम है, लेकिन जो मंजूर किया भी जाता है वह भी सारा खर्च नहीं होता है और न ही ठीक तरह से खर्च होता है। यदि वह सारा खर्च हो जाए और उसका सदुपयोग हो जाए तो हालत में काफी सुधार हो सकता है।

नौकरियों की तरफ जब देखा जाता है तो पता चलता है कि जैसा कि आयुक्त

[श्री राम शरण]

महोदय ने लिखा है कि क्लास १ और क्लास २ की नौकरियों का जहां तक सम्बन्ध है उनमें इनका रिप्रिजेंटेशन नैलिजिबल है, न के बराबर है । जहां तक आगे भविष्य का सम्बन्ध है, क्लास १ और क्लास २ में इनके रिप्रिजेंटेशन का सम्बन्ध है, उसके बारे में भी आशा नहीं बंधती है और कहा जाता है कि प्रगति असंतोषजनक है । क्लास ३ में जो प्रतिशत होना चाहिये, वह भी नहीं है, उसमें भी उनको पर्याप्त संख्या में नहीं लिया गया है । जहां तक आदिवासियों का सम्बन्ध है, उनको तो क्लास ४ तक की नौकरियों में भी समावेश बहुत कम मिल सका है ।

15 hrs.

एक तरफ तो उनको तीसरे और चौथे दरजे की भी नौकरियां नहीं मिलतीं । दूसरी तरफ यदि हम एम्पलायमेंट एक्सचेंजेज से जो आंकड़े मिलते हैं उनको देखें तो उनसे पता चलता है कि सन् १९५८ के अन्त में एम्पलायमेंट एक्सचेंजेज में १,२९,५९९ लोग ऐसे थे जो बेकार थे और जो नौकरी चाहते थे, जिनमें से १४,६७८ मैट्रिकुलेट और १,१६४ ग्रेजुएट थे । यह संख्या अनुसूचित जातियों के बारे में है और जहां तक आदिवासियों का सवाल है . .

Mr. Speaker: The hon. Member may continue next day. Now we will take up the motion by Shri Vajpayee.

15·01 hrs.

MOTION RE: NAGA HILLS AND TUENSANG AREA

Shri Tyagi (Dehra Dun): May I raise a point of order?

Mr. Speaker: Let Shri Vajpayee move his motion. Then I will permit the hon. Member to raise his point of order.

श्री वाजपेयी (बलरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने १ अगस्त को नागा हिल्स तथा तुएंसांग एरिया के सम्बन्ध में जो वक्तव्य दिया है उस पर विचार किया जाए ।

Mr. Speaker: Now what is the point of order?

Shri Tyagi: This discussion is covered by Chapter XIV of the Rules of Procedure and Conduct of Business. Rule 184 reads.

> "Save in so far as is otherwise provided in the Constitution or in these rules, no discussion of a matter of general public interest shall take place except on a motion made with the consent of the Speaker."

Here you are giving your consent. Therefore that rule has no application here. But, then, rule 186 says:

> "In order that a motion may be admissible it shall satisfy the following conditions, namely:
>
> (i) it shall raise substantially one-definite issue;....."

It further goes on to say:

> "(vii) it shall not anticipate discussion of a matter which is likely to be discussed in the same session;"

As the Prime Minister had announced the other day, the agreement with the Naga representatives is to come in the shape of an amendment to the Constitution, and we shall have a full-fledged debate on this issue. The discussion of the same subject now is actually anticipating that discussion. I submit, therefore, that under this rule this cannot be permitted.

There is another point. It is a matter which directly pertains to the Constitution. In the matter of the Constitution the House can give its verdict only under certain conditions like a majority of the total members of the House and two-thirds of the

members present and voting. Now, if the very same issue is decided today and vote is taken in favour of it or against it, that will amount to the Parliament committing itself on a issue pertaining to the Constitution without following the restrictions prescribed in the very same Constitution.

Under these circumstances, I submit that you might be pleased to declare it out of order because, if we are going to have a discussion very soon, this will only be anticipating that discussion.

Shri Vajpayee: The point of order raised by my hon. friend, Shri Tyagi, is on a motion which you have admitted, a motion which has been agreed to by the Prime Minister. Also, no decision is going to be taken on the motion; no vote will be taken and no verdict will be recorded. Moreover, I do not think that the Government is going to bring forward an Amending Bill in this session. Even then, that particular rule of the Rules of Procedure cannot be stretched to that extent that no subject which is to be discussed later can be raised in the House now. If the rule is to be interpreted in this manner, then there will be no discussion on any important matter.

The Prime Minister and Minister of External Affairs (Shri Jawaharlal Nehru): As has been pointed out by the hon. Member, I had agreed to this discussion and I had not thought of any technical or other objections to this motion. I cannot say whether any Bill for the amendment of the Constitution will be brought in this House in this session or not; I cannot commit myself on that. I have no objection to have a discussion on this matter.

Mr. Speaker: Shri Tyagi has raised a point of order that this motion is in anticipation of a discussion which is likely to take place in the same session. We hear reliably from the hon. Prime Minister, who will introduce that Bill in due course, that there is no chance of its being introduced now. Further, I do not want to apply that rule very strictly. Also, the motion had been admitted already and I had agreed that it could be discussed in this session. If an hon. Member has moved a motion and at that time the Government have a proposal to make a motion in this House, that is not anticipating a motion and that cannot stand in he way of this motion. We cannot compel them to move a motion. So far as the constitutional aspect is concerned, it is not as if we are taking the verdict of the House. The Bill can be brought next session. Therefore, this motion is quite in order. Now Shri Vajpayee. Hon. Members will have 15 minutes each because only two hours have been allotted for this.

Shri Vajpayee: I hope I will have 30 minutes.

Mr. Speaker: No, because he has the right of reply.

श्री वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने १ अगस्त को जो वक्तव्य दिया उस वक्तव्य के द्वारा एक पृथक् नागा राज्य स्थ पित करने के निर्णय की घोषणा की गयी है । इस राज्य का नाम नागालैण्ड होगा । इसकी अलग विधान सभा होगी, मन्त्रिमण्डल होगा, और सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इसका अपना अलग संविधान होगा ।

मुझे खेद है, प्रधान मन्त्री जी ने सदन के सामने जो वक्तव्य दिया उसमें इस बात का कोई उल्लेख नहीं किया गया कि इस नागालैण्ड का अपना अलग संविधान होगा । यह बात समाचार पत्रों द्वारा हमें पता हुई और बाद में इसकी पुष्टि भी की गयी । मैं नहीं समझता कि संसद् को इस बात को न बताने का कारण क्या था । लेकिन एक अलग राज्य बने और उसका अपना अलग संविधान हो, यह एक ऐसी परिस्थिति है जिस पर इस

[श्री वाजपेयी]

सदन को और देश को गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिये ।

जो नया नागा राज्य बनेगा, इसकी आबादी मुश्किल से चार लाख के करीब होगी । इसकी आमदनी भी सालाना पांच लाख से अधिक नहीं होगी । अध्यक्ष महोदय, आपने शायद ही कभी ऐसा सुना हो कि साढ़े तीन लाख चार लाख की आबादी और पांच लाख वार्षिक आमदनी का एक अलग राज्य बनाया जाए । इस प्रकार का राज्य बनाना, मैं समझता हूं, अकल्पनीय है, हास्यास्पद है । मगर जो चीज नहीं होनी चाहिये और जो कहीं हुई नहीं है, वह हमारे देश में हो रही है, क्योंकि शायद सरकार न तो प्रेम से समझा बुझा कर लोगों को सीधी राह पर ला सकती है और न दण्ड के द्वारा, भय के द्वारा, अगर किसी वर्ग या समूह में विकार पैदा हो गया है तो उसका परिष्कार कर सकती है ।

और हमें यह भी स्मरण रखना चाहिये कि नागा राज्य भारत के सीमान्त पर बनेगा । एक ओर चीन है, पूर्वी पाकिस्तान है, बर्मा की सीमा लगी हुई है । यह एक ऐसा छोटा सा राज्य होगा जो कि आर्थिक दृष्टि से केन्द्र पर हमेशा के लिये बोझा बन जाएगा और जो सामरिक दृष्टि से भी देश की सुरक्षा के मार्ग में बाधक बनेगा ।

राज्य पुनर्गठन आयोग ने इस सम्बन्ध में अपना जो मन्तव्य प्रकट किया है उसकी ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । मैं उद्धृत करता हूं :

"another factor relevant from the point of view of national security is the size and resources of the border States. While the primary responsibility for defence arrangements must be that of the Central Government, a considerable burden relating to security arrangements must be borne by the State. It is, therefore, important that a border State should be a well-administered, stable and resourceful unit, capable of meeting the emergent problems arising out of military exigencies. This means that normally it would be safer to have on our borders relatively larger and resourceful States rather than small and less resilient units."

लेकिन नागाओं का एक अलग राज्य बनाने का फैसला कर लिया गया । मैं समझता हूं कि असम के इन आदिवासी क्षेत्रों मे केवल नागा लोग ही नहीं रहते और भी आदिवासी जातियां रहती हैं मगर राज्य केवल नागाओं के लिये बनाया जा रहा है । इसका असर दूसरे आदिवासियों पर क्या होगा ? प्रारम्भ से वहां एक हिल स्टेट बनाने की मांग की जा रही है । राज्य पुनर्गठन आयोग ने भी उस सम्बन्ध में अपनी राय प्रकट की है । यूनाइटेड खासी एण्ड जयन्तिया हिल डिस्ट्रिक्ट्स और गारो हिल डिस्ट्रिक्ट्स, इनकी आबादी नागा हिल डिस्ट्रिक्ट्स से ज्यादा है और उन्होंने सन् १९५७ में यह मांग भी की थी कि एक पहाड़ी राज्य बनाया जाय मगर वह राज्य नहीं बनाया गया । मैं समझता हूं कि वह एक ठीक कदम था । लेकिन अब यह जो एक अलग नागा राज्य बनाया जा रहा है तो उसकी जरूरत क्या है ? शायद इसका एक ही कारण है कि कुछ नागा लोगों ने पिछले अनेक सालों से देश के खिलाफ बगावत की है, विद्रोह का झण्डा उठाया है और हथियारों और हिंसा के बल पर अपनी बात को मनवाने की कोशिश की है । हमारे जवानों को गोली का निशाना बनाया है और जो देशभक्त नागा हैं, सरकार के प्रति वफादार हैं उनको भी इन विद्रोही नागाओं के हाथों संघातिक संकटों का सामना करना पड़ा है । ऐसी स्थिति में एक अलग राज्य बनाना यह पृथकतावाद को इनाम देना है और विद्रोहियों को हिंसा और विनाश के लिये भड़काना है । यह अलग राज्य नहीं बनाया जा रहा मानो सरकार बगावत करने वालों के सामने घुटने टेक रही

है । मैं नहीं समझता कि देश में एक अच्छी परम्परा का श्रीगणेश किया जा रहा है । पृथक् नागा राज्य की स्थापना एकीकरण पर विघटन की विजय है, शान्तिपूर्ण निर्माण पर हिंसा की और ध्वंस की विजय है । देशभक्ति और राष्ट्र निष्ठा पर बगावत और गद्दारी की विजय है ।

मैं समझता हूं कि हमें इस बात का भी विचार करना चाहिये कि उस क्षेत्र के अलावा सम्पूर्ण देश में अन्य जो आदिवासी बन्ध रहते हैं उन पर इस पृथक् राज्य के निर्माण की प्रतिक्रिया क्या होगी । देश में अनेक भाग ऐसे हैं जहां कि आदिवासी रहते हैं । अभी मध्य प्रदेश से समाचार आया है कि वहां रायपुर के निकट एक समानान्तर सरकार बना ली गई । कोई हमारे एक आदिवासी बन्धु प्रधान मन्त्री बन बैठे और वह अपनी एक पतरी सरकार चला रहे थे । बाद में उन्हें पकड़ लिया गया । मगर इस प्रकार की भावनाएं और भी बल पकड़ेंगी और मैं नहीं समझता कि यह देश के लिये ठीक होगा ।

इस बात से सभी सहमत हैं कि जो भी आदिवासी बंधु हैं, नागा लोग हैं उन्हें अपने रहन सहन को और अपने जीवन के रंग ढंग को सुरक्षित रखने और उसके विकास करने का अवसर मिलना चाहिए क्योंकि उनका रंग ढंग, उनकी संस्कृति, कुछ अंशों में, हम से श्रेष्ठ संस्कृति है और उन्होंने उन जीवन मूल्यों की रक्षा की है जो कि प्राचीन काल में हमारे साथ थे । पश्चिमी सभ्यता के सम्पर्क में आने के कारण हम ने उनको छोड़ दिया था । मैं प्रधान मंत्री जी की इस बात से १०० फीसदी सहमत हूं कि उन्हें अपनी सेकेंड रेट कौपी नहीं बनाना चाहिए, सेकेंड रेट क्या वह तो थर्ड रेट कौपी होगी क्योंकि सेकेंड रेट कौपी तो हम ही हैं । पश्चिम के आधार पर अगर हम उनको बनायेंगे तो उन का रूप बिगड़ जायगा । मैं इस बात से सहमत हूं कि हम उन के मामलों में दखल न दें लेकिन उन्हें अकेले भी नहीं रखा जा सकता । उन्हें "म्युजियम पीसेज" की तरह से सुरक्षित भी नहीं रखा जा सकता । हलके हलके उनकी विविधताओं और विशेषताओं की रक्षा करते हुए हमें उन्हें राष्ट्रीय जीवन के साथ घुलाना-मिलाना होगा ।

मैं समझता हूं कि भारतीय संविधान परिषद् ने जो निर्णय किया के सिक्स्थ शैड्यूल के अन्तर्गत रीजनल और डिस्ट्रिक्ट बेसिस पर औटोनमस बौडीज देंगे तो मैं समझता हूं कि वह भी इसी दृष्टि से किया था कि उनकी विविधताओं की रक्षा भी हो जाय, हम उन के मामलों में दखल भी न दें और हलके हलके वे हमारे राष्ट्रीय जीवन के प्रवाह के साथ मिल जांय । उस समय भी कुछ सदस्यों ने आपत्ति की थी कि इस प्रकार की औटोनमस बौडी देना यह विघन को बढ़ावा देगा । मगर बारदोलई कमेटी ने जो सिफारिशें की हैं उन्हें संविधान परिषद् ने स्वीकार कर लिया और औटोनमस बौडीज बन गयीं । पर उनका परिणाम क्या हुआ ? विद्रोह दबा नहीं । उन्हें निकट नहीं लाया जा सका और औटोनमस बौडीज को सफलतापूर्वक चलाना भी सम्भव नहीं हुआ । बाद में इन लोगों की तरफ से मांग की गई कि जो त्वेनसांग का ऐरिया है उसको नागा हिल्स के साथ मिला दिया जाय और हमने एक यहां विधेयक भी पास किया जिसके अनुसार त्वेनसांग ऐरिया नागा हिल्स में मिल गया । उस समय यह आशा प्रकट की गई थी कि अब नागा प्रदेश में शान्ति हो जायेगी, मगर शान्ति स्थापित नहीं हुई । अब यह तीसरा कदम है कि एक नया राज्य बनाया जा रहा है । ऐसा लगता है कि धीरे धीरे सरकार ऐसी शक्तियों के सामने जानते हुए या न जान कर भी झुकती जा रही है जो देश के बाहर जाना चाहते हैं, जिन्हें देश के प्रति निष्ठा नहीं है और जो देश की एकता में विश्वास नहीं करते हैं ।

यह बात सभी जानते हैं कि अंग्रेजी राज्य ने नागा प्रदेश को हम से अलग रखा, चारों तरफ दीवारें खड़ी कर दीं । अंग्रेजों ने

[श्री व.जपेयी]

कुचक्र किया था कि भारत से जाते जाते वह नागा प्रदेश को आजाद बनाते जांय और जो आखिरी गवर्नर था आसाम का उस ने इस सम्बन्ध में आगे बढ़ कर हिस्सा लिया। जो मैदान के लोग थे वे नागा प्रदेश में जा नहीं सकते थे और वहां पर केवल विदेशी मिशनरी जा सकते थे और उसका परिणाम यह हुआ कि हमारे नागा बंधु हम से दूर चले गये। मगर यह बात तो १९४७ की है। आज हम १९६० की चर्चा कर रहे हैं। हम ने इन १३ वर्षों में क्या किया ? हम उन्हें निकट नहीं ला सके। हम एक ऐसा कदम उठाने जा रहे हैं जिससे यह विश्वासपूर्वक कोई नहीं कह सकता और हमारे प्रधान मंत्री जी ने कुछ भी नहीं कहा है कि नागा प्रदेश में शान्ति हो जायगी। अब अगर शान्ति नहीं स्थापित होगी तो फिर यह प्रथक नागा प्रदेश बनाने का लाभ क्या होगा ? हम इतनी बड़ी कीमत चुकाने जा रहे हैं। देश में एक अलग और गलत परम्परा पैदा कर रहे हैं। डाक्टर आवो जो यहां पर आये थे उन्होंने भी कहा है कि जो नागा लैंड की मांग है यह कम से कम है और यह ठीक से नहीं कहा जा सकता कि वे कब तक संतुष्ट रहेंगे। ऐसे में प्रवृत्ति होती है अपनी मांगों को बढ़ाने की और उसके ऊपर सरकार जो उदारता दिखाती है और हमारे प्रधान मंत्री जो विशाल हृदयता का परिचय देते हैं तो उसका गलत अर्थ लगाया जाता है और लोग समझने लगते हैं कि सरकार कमजोर है और अगर इनको थोड़ा और दाबाया जाय तो शायद वह और भी हमारी मांग को मान लेंगे। इस तरह की धारणा शासन के प्रति उत्पन्न हो यह शासन के लिए भी ठीक नहीं है और देश के लिए तो यह बात बिलकुल भी ठीक नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, यह नागा लैंड बनाया भी किस तरीके से जा रहा है। नाम इस का नागा लैंड होगा। यह नाम किस आधार पर तय किया गया ? वह एक अलग राज्य चाहते थे और हमने अलग राज्य मान लिया। वह नागा लैंड का नाम चाहते थे और हम ने नागा लैंड नाम मान लिया। वह विदेश मंत्रालय के अन्तर्गत रहना चाहते थे हम ने वह भी मान लिया। हम किसी एक भी बात पर अड़े नहीं। हमें कहीं तो अड़ जाना था कि बस इसके आगे लक्ष्मण रेखा है, इसके पार नहीं जायेंगे और अगर इसके पार जायेंगे तो देश की एकता को विघटन का रावण डस लेगा। यह एक प्रथक नागा होम लैंड की कल्पना एक गलत कल्पना है क्योंकि काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक देश है। यह हमारी मातृभूमि है, धर्मभूमि है, कर्मभूमि है और इसमें नागा लैंड और अलग अलग होमलैंड के लिए जगह नहीं हो सकती। हमें उन्हें समझाना चाहिए था और कम से कम हम उन्हें इस बात के लिए तो तैयार कर सकते थे कि यह नागा लैंड विदेश मंत्रालय के अन्तर्गत न होकर अन्य राज्यों की भांति गृह मंत्रालय के अधीन होगा। किन्तु नागा लोग कहते हैं कि हमें तो भारत में एक ही व्यक्ति पर विश्वास है और वह हैं प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू। जहां हम उनके इस विश्वास का स्वागत करते हैं वहां यह अवश्य कहेंगे कि प्रधान मंत्री में विश्वास गृह मंत्री महोदय में अविश्वास तो नहीं बनना चाहिए। ऐसा तो नहीं होना चाहिए कि सम्पूर्ण देश में अविश्वास हो और एक व्यक्ति में विश्वास किया जाय।

उस दिन प्रधान मंत्री जी ने लाल किले के अपने भाषण में ठीक ही कहा था कि जवाहरलाल आते हैं और जाते हैं मगर हिन्दुस्तान आता ही है वह जाता नहीं है। उसको जाना भी नहीं चाहिए मगर यह हमारे नागा बंधु देश के साथ अपने को नहीं जोड़ना चाहते बल्कि एक व्यक्ति विशेष के साथ जो अपने को जोड़ना चाहते हैं तो उन्हें इस बात से विरत किया जाना चाहिए। जब इस देश के शेष पन्द्रह राज्य गृह मंत्रालय

के द्वारा चलाये जा सकते हैं तो कोई कारण नहीं कि यह जो सोलहवां राज्य बनने जा रहा है यह क्यों न गृह मंत्रालय द्वारा चलाया जा सके । मगर नागा लैंड गृह मंत्रालय के अन्तर्गत न होकर विदेश मंत्रालय के अधीन रखा जाना मान कर और उनका एक अलग कांस्टीट्यूशन भी जो मान लिया गया है मैं नहीं समझता कि यह देश की एकता के लिए अच्छा चिह्न है ।

But Sir, the statement of the Prime Minister raises certain pertinent questions. They are (1) the viability of that area, (2) the manner in which the Nagas got the Naga Land (3) does it solve the Naga problem and (4) why the External Affairs Ministry would be looking after this area.

So far as the question of viability is concerned, the previous speakers have already pointed out their grave doubts. Sir, as soon as we concede this Nagaland, I am sure there would be demands for Vidarbha or Mithila or for the Punjabi Suba—my hon. friend Shri Jaipal Singh started dreaming about Jharkhand also.

Shri Jaipal Singh: Dreaming only.

Shri P. K. Deo: I feel that the cir, cumstances in which this decision has been taken by the Government give this impression in the minds of the people that the Government is going to yield to force and it takes away all the good grace of it. I think this is a very bad tendency. If the Government sincerely felt for a Nagaland, then they should have created this Nagaland when a few years back this House passed the Bill for the creation of the Naga Hills and the Tuensang Area. I personally feel that the ideal solution would have

[Shri P. K. Deo]

been if all the hill districts, the Khasi and the Jaintia Hills, the Lushai Hills, the Naga Hills and the Cachar District of Assam could form a separate State with Tripura and Manipur.

I sincerely hope that there would be a return of peace in the Naga area, it won't be a peace of the grave but it will be a peace of the brave, and the qualities of that marshal race would be fully utilised for the defence of the country. The Government of India should extend a hand of co-operation and goodwill, a hand of forgive and forget and there should not be any case for victimisation.

So far as Phizo is concerned, I feel that we should try to win him over and try to utilise his leadership for the betterment of the Nagaland.

If you go through the various demands of the Nagas from time to time you will find that Nagas are in equal number in the bordering areas. There are some Nagas in China and Burma also. Probably they want that all those areas should be brought together so as to form a big Nagaland. If that be so, we should not yield to the demand of the Nagas.

I feel that for the transitional period the interim body should be formed on an elective basis. I could not follow from the statement of the Prime Minister what was meant by saying that representatives from the various Naga tribes should be taken in there. I feel that there should be adult franchise and elected representatives of the area should find a place in the interim body to advise the Governor.

Lastly, from the statement of the Prime Minister I find that even though we claim ourselves to be a secular State the Government is going to safeguard the religious practices of the Nagas. I do not think there is a case to safeguard the religious practices of the Nagas in this context.

Mr. Speaker: Shri Braj Raj Singh. He should take only five minutes. Then I will call upon the hon. Prime Minister.

श्री ब्रजराज सिंह : अध्यक्ष महोदय, बहुत सी कमियों के बावजूद जो नया राज्य बनने जा रहा है उस का मैं स्वागत करता हूं। मुझे ऐसा लगता है कि आज से सात साल पहले यह घोषणा करके प्रधान मंत्री महोदय बहुत से खूनखराबे को रोक सकते थे लेकिन अफसोस है कि उस समय यह निश्चय नहीं किया गया लेकिन फिर भी देर आयद दुरुस्त आयद वाली कहावत के मुताबिक जो कुछ निश्चय किया गया है वह स्वागत योग्य है। लेकिन जब ऐसे एक नये राज्य का स्वागत किया जा रहा है तो कुछ बातें ध्यान में रखनी होंगी। जहां तक उन बातों का सम्बन्ध है मैं निवेदन करना चाहूंगा कि यह पूर्वी सीमा के कुछ हिस्से जिसमें तथाकथित नेफा क्षत्र आता है और दूसरे कुछ क्षेत्र आते हैं वहां पर हम ने कुछ ऐसी व्यवस्था कर रखी है जिससे देश के दूसरे हिस्सों से उनका सम्बन्ध कट सा जाता है। मैं मानता हूं कि जहां तक इस क्षेत्र के लोगों की संस्कृति उनके रहन सहन के ढंग और उनके जीवन के तौर तरीकों का सम्बन्ध है उनकी रक्षा की जानी चाहिए लेकिन रक्षा करने के ज़िमानी यह कभी नहीं होने चाहिएं कि उन पर कुछ विदेशी संस्कृति का प्रभाव पड़े और अपने देश के लोगों का उन से सम्पर्क न रहने पाये। मुझे यह कहने में बहुत दुःख है कि जिस क्षेत्र को नेफा कहा जात है उसमें कुछ दिन पहले तक महात्मा गांधी, लक्ष्मी और गौरी की तस्वीरें नहीं रखी जा सकती थीं लेकिन दूसरी कुछ विदेशी तस्वीरें रखने की इजाजत थी। मैं यह सिर्फ इसलिए कह रहा हूं कि जब इस क्षेत्र का एक तरह से अपना काम अपने नियमों के मुताबिक चलाने की बात कही जाती है तो उसमें यह भी खयाल रखा जाना चाहिये कि कहीं ऐसी व्यवस्था न हो जाय जिससे उन पर विदेशी प्रभाव बहुत पड़ता रहे। मुझे अफसोस है कि अब तक इस क्षेत्र में विदेशी प्रभाव कुछ इस तरीके का रहा है कि उस की वजह से वहां

के लोग यह चाहते थे कि हम एक स्वतंत्र देश की तरह रहें। यह आश्चर्य की बात है कि इतने छोटे एरिया, क्षेत्रफल या इतने छोटे संघ के लोग किस तरह से स्वतंत्र होने की बात सोच सकते थे। अब आज जब यह नागालैंड का नाम उसे दिया जा रहा है तो भले ही उसका नाम कुछ ऐसा हो जो शायद अच्छा न लगे। अब श्री जयपाल सिंह ने सुझाव दिया कि उसका नाम नागालैंड न होकर नागा स्थान हो। लेकिन मैं निवेदन करूं कि जो प्रदेश बनाया जा रहा है तो यह नहीं कहा जा सकता है कि उसमें कोई अलग होने की बात होती है। जब हम दूसरे राज्यों के लिए नहीं कह सकते कि खतरा है तब नागालैंड के नाम से ही किस तरीके का खतरा हो सकता है। भारतीय संविधान के छठवें परिशिष्ट में जो व्यवस्था की गई है उसके मुताबिक अभी तक उनका अलग ही प्रबन्ध रहा है और उन से दूसरे राज्यों का सम्बन्ध नहीं रहा है यहां तक कि केन्द्र का उस में भीतर कोई विशेष दखल नहीं रहा है और जिसके कि मुताबिक वहां का दूसरे राज्यों का कोई सम्बन्ध नहीं हो सकता। ऐसी हालत में इस तरह की बात करना कि उस प्रदेश के बनने से सेपेरेटिस्ट टेंडेंसीज बढती हैं विघटनकारी प्रवृत्तियां बढती हैं, मैं समझता हूं कि ठीक नहीं है। हमें देश के हर नागरिक के लिए सोचना चाहिए कि उसकी हिन्दुस्तान के प्रति उतनी ही भक्ति है जितनी कि अन्य किसी और व्यक्ति की हो सकती है। इसलिए एक व्यक्ति में विश्वास करना और दूसरे के बारे में यह सोचना कि उसमें उतनी भक्ति नहीं है और हम में ज्यादा है यह अच्छी बात नहीं है। मैं सिर्फ एक ही बात कहना चाहता हूं कि नागालैंड के निर्माण के सम्बन्ध में कोई इस तरीके की बात नहीं होनी चाहिए।

मैं चाहता हूं कि कोई स्थायी हल निकाला जाय। मैं समझता हूं कि यह पूर्वी सीमा के और बहुत से ऐसे हिस्से हैं जिन को कि इकट्ठा कर के एक बड़ा प्रदेश बनाया जा सकता है। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय, मनिपुर में अभी पिछले दिनों बहुत ही शान्तिपूर्ण एक आन्दोलन चला है और उस आन्दोलन के फलस्वरूप सरकार को यह सोचना चाहिए कि उसमें भी कुछ ऐसे हिस्से हैं जिनमें कि नागा लोग रहते हैं और क्या यह मुमकिन नहीं हो सकता कि उन नागा लोगों का इस नाग। लैंड के साथ एक सम्बन्ध जोड़ा जाय और एक बड़ा प्रदेश कर दिया जाय। नागा लैंड की जो मांग थी वह स्वीकार की गई है। वहां एक प्रदेशीय सरकार बनाने की मांग को लेकर जो वहां एक उस तरह को सरकार बनाने की बात सोची जा रही है मैं चाहता हूं कि सरकार मनिपुर और त्रिपुरा में भी वहां की जनता जो उस तरह की सरकार बनाने की मांग कर रही है, जितनी जल्दी उस मांग को स्वीकार कर लें उतना ही अच्छा होगा।

मैं इस राज्य के निर्माण का स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि नागालैंड के निवासी हिन्दुस्तान को उसी तरीके से अपनी मातृभूमि समझते हैं जैसे कि अन्य देशवासी समझते हैं और इस तरह का कोई मौका नहीं आयेगा जिससे लोगों को यह शक करने की गुंजाइश हो कि वह अधिक देशभक्त हैं और नागालैंड के निवासी कम देशभक्त हैं। मैं चाहता हूं कि हम पुरानी बातों को भुला कर श्री फिजो जो कि भारत से बाहर रह कर अपनी कार्यवाहियों को चला रहे हैं यदि किसी तरीके से उनको अपने देश में ला सकें और उनको फिर हम हिन्दुस्तान का एक सभ्य और अच्छा नागरिक बना सकें तो उस से एक अच्छी भावना पैदा होगी। मैं चाहता हूं कि नागालैंड के निर्माण का सभी लोग स्वागत करें और यह आशा करें कि यह देश का हमेशा के लिए एक अभिन्न अंग होगा जैसा कि रहा है और उन शंकाओं को कोई स्थान नहीं मिलेगा जोकि कुछ माननीय सदस्यों के दिमाग में हैं या कुछ देश के नागरिकों के दिमाग में हो सकती हैं।

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : अध्यक्ष महोदय,

[श्री जवाहरलाल नेहरू]

मुझे खुशी है कि यह प्रश्न यहां लोक सभा में पेश हुआ क्योंकि बहुत सारी गलतफहमियां अभी तक लोगों के दिलों में मालूम होती हैं और शायद मैं इस मौके पर उनको हटा सकूं।

यहां पर इस बात की चर्चा हुई कि एक अलग संविधान बनेगा यह कैसी बात है। अब मेरी समझ में नहीं आता कि एक अलग संविधान का प्रश्न इसमें कहां उठता है और कहां वह बनने वाला है। अब अलग से तो कोई संविधान बनने का इस में कोई सवाल ही नहीं है जड़ से नहीं है। आधे या चौथाई का सवाल भी नहीं है। अब जो लोगों को एक धोखा हो गया है वह शायद इसलिए हो गया है कि जो एक मजमून नागा डेलीगेशन ने तैयार किया था उसमें उन्होंने लिखा था कि जब हम से यह फैसला हो जाय जिसको कि वह पोलिटिकल फैसला कहते थे तो उन्होंने कहा था कि उस फैसले के हो जाने के बाद वे अपना कांस्टीट्यूशन बनायेंगे। इससे शायद लोगों को धोखा हो गया लेकिन हम ने उन से कहा कि यह बात तो हो नहीं सकती। कांस्टीट्यूशन बनता है लोक सभा में और कहीं पर वह नहीं बनता है। लेकिन एक चीज वह बना सकते हैं जो कि कांस्टीट्यूशन नहीं है लेकिन जिसको कि आप बाईलाज कह सकते हैं जैसे बाईलाज कि म्युनिसपैल्टीज बनाती हैं या उसी तरह की कोई और बौडी बनाये। इसलिए यह बात साफ हो जाती है कि कांस्टीट्यूशन बनाने की बात तो है ही नहीं।

दूसरी चीज यहां पर यह कही गई कि एक बात इस में पूरी तौर से साफ नहीं है। इंटैरिम पीरियड, ट्रैंजीशनल पीरियड और कई ऐसी बातें कही जाती हैं। अब पहली बात तो यह है कि हम ने उनको स्वीकार किया यकीनन् एक स्टेट की हैसियत से लेकिन उसमें बिलफेल एक अटकाव है, लिमिटेशंस हैं। एक तो यह कि कई दर्जे हैं। कुछ थोड़ा सा समय लगता है कानून बनाने में और उसके करने में चन्द महीने लगते हैं। दूसरे यह कि उसके बनने के बाद भी जब तक कि वहां कोई झगड़ा फिसाद हो तो ला एंड आर्डर और किसी कदर फाइनेंस भी गवर्नर की निगरानी में रहेंगे। तीसरी बात यह कि त्वेनसांग ऐरिया के सिलसिले में यह उनकी खुद मांग थी कि वहां पर दस वर्ष तक कोई कांस्टीट्यूशन हो ही नहीं और वह गवर्नर के नीचे रहे। उनकी खुद मांग थी। हमने हूबहू जों उन्होंने त्वेनसांग के लिए मांगा था अगर आप उसको पढ़ें तो पायेंगे कि हमने उसको उसी तरह कबूल किया क्योंकि त्वेनसांग वाले जो यहां आये थे वे भी मौजूद थे और उनकी खुद यह मांग थी। यह तो ठीक है कि हम उनको सबको नागाज कहते हैं लेकिन उनमें भी बहुत कुछ दर्जे हैं और अलग अलग ट्राइब्स हैं और अलग अलग खिंचातानी है। तो उन्होंने खुद कहा है कि दस बरस तक ऐसे ही रहें। उन के कुछ नुमायंदे आयेंगे—उन की जो कुछ असेम्बली बनेगी, लेकिन उस के लिए असेम्बली कुछ कायदे-कानून नहीं बना सकती। वह एक रिजर्व्ड सबजेक्ट रहेगा। यह उन की मांग थी। दस बरस के बाद क्या हो, यह उस वक्त विचार हो। लेकिन मोटी तौर से यह कहा जाये कि हम ने स्टेट मन्जूर किया। हम ने तो पूरी तौर से किया, लेकिन जब तक वहां दंगा-फ़साद पूरी तौर से खत्म न हो जाये, उस वक्त तक ला एंड आर्डर एक महफूज मजमून है, हालांकि यह उन की सलाह से होगा। हमें आशा है कि जल्दी से जल्दी ला एंड आर्डर का प्रश्न तय हो जायगा।

श्री त्यागी : ला एंड आर्डर रिजर्व्ड सबजेक्ट रहेगा गवर्नर के साथ ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : जी हां, उस वक्त तक, जिस वक्त तक कि झगड़ा-फ़साद है।

यह सही है कि उस मौके पर भी गवर्नर का फ़र्ज होगा कि अपने सलाहकारों से सलाह

कर के काम करे, यानी जो उन के नागा एडवाइज़र होंगे, उन से। यह और बात है।

अब बिलफ़ेल जो बिल्कुल ही एक ट्रांज़ीशनल पीरियड है—मालूम नहीं वह कितने दिन चले, साल भर चले, डेढ़ बरस चले, जो कुछ चले—उस में वह अपने कुछ एडवाइज़र चुनेंगे। अभी तक वह मामला ठीक नहीं है कि वह कैसे होगा, यानी वह अपनी कौंसिल चुनें, या कुछ थोडे से एडवाज़र चुनें, जिन की सलाह से गवर्नर काम करेगा, लेकिन उस से गवर्नर का अधिकार कोई कम नहीं होगा, वे एडवाइज़र उन का कहना मानें या न मानें। यह हमारा कांस्टीच्यूशन बदलने की बात नहीं है। यह हम एक रेगुलेशन से भी वहां ला सकते हैं। इस समय भी रेगुलेशन से—कांस्टीच्यूशन में उस का इन्तज़ाम है, मुझे आर्टिकल याद नहीं है,—उस को और सिक्स्थ शिड्यूल दोनों को मिला कर जब चाहे हम ला सकते हैं कि वह एडवाइज़री कौंसिल वहां बना दें और उस में से दो तीन आदमी विशेष कर एडवाइज़र हों गवर्नर के। इसमें कोई कठिनाई नहीं है।

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : लेकिन आप ने यह ज़िक्र किया था कि एक ट्राइब्ज़ के नुमायंदे को ले कर एक कौंसिल बनेगी, जो एडवाइज़ करेगी गवर्नर को **इन डिसचार्ज आफ़ हिज फक्शन्ज**।

श्री जवाहरलाल नेहरू : यही तो मैं कह रहा हूं कि एक बड़ी एडवाइज़री कौंसिल हो ट्राइब्ज़ की और दो तीन विशेष एडवाइज़र हों, जिन से उन का सम्बन्ध ज्यादा हो। हम यह करने में इन्तज़ार कर रहे थे, क्योंकि इस मामले में, और हर मामले में, हम उन की सलाह से चलना चाहते हैं। कोई मजबूरी नहीं है। मेरा विचार है कि शायद कल या परसों, इन दो तीन दिनों के अन्दर, उन की फिर एक बैठक हो रही है इन बातों पर विचार करने के लिए। तो जो वे सलाह देंगे, उस पर विचार कर के हम थोड़े दिन में रेगुलेशन निकाल कर उस को कर देंगे। हम जानते नहीं हैं। मैं इस समय नहीं कह सकता कि क्या होगा, लेकिन हो सकता है कि एक बड़ी कौंसिल हो, जिस में ट्राइब्ज़ के नुमायंदे हों। वहां बहुत सारे ट्राइब्ज़ हैं। मालूम नहीं १६, १७ हैं, कितने हैं।

एक माननीय सदस्य : सिक्स्टीन।

श्री जवाहरलाल नेहरू : हां, सोलह हैं। ऐसे मौके पर गिनती से काम नहीं होता है। सब ट्राइब्ज़ को वहां होना है। आप कहें कि बड़ा ट्राइब है या छोटा ट्राइब है, इस से काम नहीं चलता है। तो जैसे वे कहेंगे, जैसे वे बनायेंगे उस को हम स्वीकार कर लेंगे और फिर शायद वही कौंसिल अपने में से दो तीन चुने, जो कि विशेषकर सलाहकार हों गवर्नर के। यह तो हो सकता है रेगुलेशन से।

फिर दूसरा कदम उठेगा, जब कि यह लोक सभा, यह पार्लियमेंट, कांस्टीच्यूशन में जो कुछ थोड़ा सा बदलना है, उस को बदल दे। तब और होगा। तब और होने पर भी, जैसे मैं ने आप से कहा, गवर्नर का अधिकार ला एंड आर्डर के ऊपर कुछ रहेगा और ट्यूनसांग अभी अलग ही रहेगा उन्हीं की दरख्वास्त से। मैं आप को बताऊं ट्यूनसांग की निस्बत, जो कुछ उन्होंने हम से कहा था :—

> "The Governor shall carry on the administration of the Tuensang District for a period of 10 years or till such time as the tribes in the Tuensang District are capable of shouldering more responsibilities of the advanced system of administration. The commencement of the ten-year period of the administration will start simultaneously with the enforcement of the detailed working of the Constitution in other parts of the Nagaland".

फिर उस में और तफ़सील है लम्बी सी कि कैसे चले। लेकिन बुनियादी बात यह है कि

[श्री जवाहरलाल नेहरू]

उन्होंने खुद उस से दरख्वास्त की—ट्यूनसांग वालों ने दरख्वास्त की कि दस बरस तक आप इन्तजार कीजिये। हम ने उस को मन्जूर किया।

"At the end of the ten year period the situation will be reviewed and if the people so desire the period would be further extended".

यह तो उन की मांग है।

मैं आप को बताऊं कि कोई बारह बरस हुए, जब से ये सवाल मेरे सामने आये। मैं तो उस समय बहुत ज्यादा जानता नहीं था भारत के इस हिस्से को। लेकिन जहां वे आये, मुझे दिलचस्पी हुई। मैं गया भी। वहां मिला भी लोगों से और यों भी आम तौर से मुझे पहाड़ी लोग अच्छे लगते हैं। लेकिन नागा लोगों से मुझे खास कुछ मुहब्बत सी होने लगी थी, उन के जिस्म से, उन के रंग-ढंग से, उन के सीधे खड़े रहने से, सीधे देखने से, सिर नहीं झुकाने से। एक माकूल लोग थे। मैं ने कहा, यह तो एक दौलत है किसी मुल्क के लिए। हमारे लिए ऐसे लोगों को अपनाना तो हिन्दुस्तान की एक ताकत होगी। उस वक्त से यह बात है। यह मैं नहीं कहता कि हम से या आसाम गवर्नमेंट से गलतियां नहीं हुईं। वह दूसरी बात है। होती हैं, क्योंकि वह जमाना अजीबो-गरीब था। हम फंसे थे अपनी बातों में, पार्टीशन के बाद यहां झगड़े-फ़साद थे, और बातें थीं। हुई गलतियां। कोई कश नहीं है। लेकिन बहरसूरत मेरे सामने यह बात थी कि उन को कैसे अपनायें, क्योंकि मैं उन की कद्र करता था। यों भी चाहता मैं, लेकिन उस से ज्यादा मैं उन की कद्र करता था कि वे आयें। शुरू से, जब से फ़िजो साहब मुझ से मिलने आये—दो दफ़ा मिले, एक दफ़ा यहां दिल्ली में, जैसा कि उन्होंने कहा है, जयपाल सिंह जी की कुछ मदद से आये थे और दूसरी दफ़ा मे मैं आसाम में उन से मिला था—मैं ने उन से और उन के जो साथी आये थे, उन से कहा कि हम पूरी तौर से आज़ादी—आटानोमी देना चाहते हैं आप को, हर एक को। अव्वल तो मैं ने कहा कि "आप इंडिपेंडेंस, इंडिपेंडेंस कहते हैं, मेरी समझ में नहीं आता कि इंडिपेंडेंट आप हैं, मैं इंडिपेंडेंट हूं, आप इंडिपेंडेंट हैं, और इंडिपेंडेंस मैं कहां से ला कर दूं। आप का मुल्क है। आप उतने ही इंडिपेंडेंट हैं, जितना मैं हूं।" लेकिन मैं ने कहा कि "अगर आप भारत से अलग होना चाहें, यह बात मैं आप से नहीं करूंगा। सीधी बात है।" मैं ने कहा, "यह फिजूल बहस है। मैं उस की बहुत सारी वजूहात पेश कर सकता हूं। फिजूल वक्त जाया करना है और उस को छोड़ कर पूरी आटानोमी आप को होनी चाहिए। यह मेरी राय है, आप के दबाव की बात नहीं है।" शुरू से मेरी यह राय थी और शुरू से उन से कहा गया था। कोई नई बात उन को नहीं दी गई।

वहां फिर फ़िजो ने झगड़ा-फ़साद शुरू किया। पहले तो कुछ पर्दे के पीछे—पर्दे के पीछे से मतलब, ऊपर से हम से बातें होती थीं और पर्दे के पीछे जाकर उन्होंने इसका इन्तजाम किया और पहले ट्यूनसांग में किया, नागा हिल्ज में नहीं किया। पहले ट्यूनसांग में उन्होंने झगड़ा-फ़साद शुरू किया फिर आगे। खैर वह बढ़ता गया। उस बढ़ने की वजह से जो कार्रवाई हम करना चाहते थे वहां, वह हम नहीं कर सके, क्योंकि जब झगड़ा-फ़साद है, बलवा है, तो कैसे हम यहां ये बातें, यह अमेंडमेंट करें।

हां, एक बात थी। मैंने उस वक्त यह नहीं सोचा था कि एक सोलहवां राज्य इस को बनायें। यह ख्याल उस वक्त दिमाग में नहीं आया था क्योंकि हमारे दिमाग चलते थे बड़े बड़े राज्यों में, छोटे नहीं। लेकिन यह मेरा जरूर ख्याल था कि वहां, और और जगह, पूरी आज़ादी दी जाये। जिस ढंग से हम अपने कांस्टीच्यूशन में दे सकें, दें।

तो जब फिर तीन बरस हुए, सन् १९५७ में, वहां हालत कुछ अच्छी हुई और वे लोग मिले, अपना कनवेन्शन किया, तो हमनें उसका स्वागत किया और कन्वेन्शन के बाद उन्होंने चन्द बातें पेश कीं । पहली बात यही थी कि ट्यूनसांग और नागा हिल्ज़ एरिया को मिला दिया जाये और ये दोनों एक्सटर्नल एफ़ेयर्ज़ मिनिस्ट्री के नीचे रखे जायें । अब इसमें लोग शिकायत करते हैं और समझते हैं कि इसमें कोई चालबाजी है लेकिन उस समय की हालत को देखते हुए यह एक बिल्कुल मामूली बात थी, क्योंकि नागा हिल्ज़ का उस वक्त तक सम्बन्ध आसाम से था, ट्यूनसांग का था नेफा से और नेफ़ा का था एक्सटर्नल एफ़ेयर्ज़ मिनिस्ट्री से । वे कुछ नाखुश हो गये थे अपने आसाम के सम्बन्ध से । क्यों, वाजिब था या नहीं, यह दूसरी बात है । असल में वे उससे अलग होना चाहते थे, ज़ाब्ले से और नेफ़ा के ज़रिये वे एक्सटर्नल एफ़ेयर्ज़ मिनिस्ट्री को जानते थे । वे चाहते थे कि हमारा साथ हो उससे । तो यह सवाल होम मिनिस्टरी या एक्टर्नल एफेयर्स मिनिस्टरी का कभी उठा नहीं । असल में देखा जाए तो यह एक अन्दरूनी मामला है कि कौन मिनिस्टरी किस काम को करे । इस तरह की चीज़ को कांस्टीट्यूशन में कोई नहीं लिखता और न कोई लिखेगा । यह अन्दरूनी मामला है । तो ये जो हिस्से हैं जिनको कहा जाए कि सैटल्ड हिस्से नहीं हैं, जहां पर कि मामूली कांस्टीट्यशन नहीं चलता वे एक्सटर्नल सफेयर्स मिनिस्टरी के पास रखे गये थे, बोर्डर एरियाज़ वगैरह, जैसे नेफा एरिया है । इसलिये कि जब वे सैटल हो जायें तो होम मिनिस्टरी के सुपुर्द हो जायेंगे । तो जब वक्त आएगा देख लेंगे । वहां खास सवाल उठते थे, पेचीदा सवाल उठते थे, बोर्डर के, इसके, उसके, फौज के, असम राइफल के और असम राइफल एक्सटर्नल एफेयर्स मिनिस्टरी के नीचे है । तो यह जो तसवीर है, यह उनके सामने थी । इसलिये उन्होंने तीन साल हुए कहा कि आप इसको एक माने में जोड़ दें तुएनसांग में जो कि एक्सटर्नल एफेयर्स मिनिस्ट्री में है । हमने इसको मंजूर किया और और पालियामेंट में बात रखी गई और पार्लिमेंट ने इसको स्वीकार किया ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती ने कहा कि तीन बरस से मामला अटका हुआ है, इसको पहले तय क्यों नहीं किया गया । औरों ने भी इस बारे में कहा है । जब से यह बात उठी है, तीन बरस हुए, हम इन्तिजार कर रहे हैं उनके फैसले का । उस वक्त उनकी जो कनवैंशन हुई उसका पहला फैसला जो हुआ वह मैंने आपको बता दिया है । उसको हमने स्वीकार कर लिया और उन्होंने कहा कि हम और सोचेंगे । उन्होंने फिर अपनी छोटी छोटी कमेटियां बनाई और उन कमेटियों ने साल साल डेढ़ डेढ़ साल इस पर सोच विचार करने में लगा दिया । फिर उनकी दो तीन कनवैंशनें हुई और यह तीसरी कनवैंशन थी । तो हमारी तरफ से इसमें कोई ढील या डिले नहीं हुई सिवाय इसके कि आप कहें कि उनका आखिरी फैसला पिछले अक्तूबर में हुआ था और अब अगस्त है । यह बात आप कह सकते हैं । लेकिन उनका फैसला जहां तक मेरा ख्याल है जो हुआ था उसकी झलक गवर्नर के पास दिसम्बर में आई थी । मेरे पास नहीं आई । उन्होंने इसको पेश किया और कुछ इनफार्मली मिले, बेज़ाब्ता मिले । मुझे उन्होंने अप्रैल में लिखा और उसके दो या तीन हफ्ते बाद मैं यूरोप जा रहा था । मैंने उनसे कहा कि कि मैं इस वक्त आप से मिल नहीं सकता हूं, वापिस आकर मिलूंगा तो हमारी तरफ से कोई खास देर नहीं हुई । मुमकिन है महीना भर आगे हो जाता या पीछे हो जाता । तो हम मिले । तीन बरस गुज़रे नहीं हैं । तीन बरस उनके सोचने में, आपस में बहस करने में लगे हैं । बीच में उन्होंने यह भी कोशिश की थी कि जाकर जो लोग होस्टाइल्ज़ हैं, जो अण्डर-ग्राउण्ड कहलाते हैं, उनसे भी मिला जाए और उनको भी अपनी तरफ खींचा जाए । उनमें से कुछ लोग खिंचे भी ।

[श्री जवाहरलाल नेहरू]

लेकिन इसका बहुत ज्यादा असर नहीं हुआ। तो जो वक्त सर्फ हुआ वह उनकी तरफ से हुआ। आखिर में वे हमारे पास आए और कहने लगे कि बहुत से लोग हमारे साथ हैं और वे लोग मानते नहीं हैं, और हम यह चाहते हैं। हमारे सामने सवाल हुआ अव्वल तो यह कि ये लोग पूरे तौर पर से जिम्मा नहीं ले सकते हैं कि शान्ति हो जाएगी और साफ कहते हैं कि हां हम पूरी कोशिश करेंगे और हमें उम्मीद है कि हो जाएगी हल्के हल्के लेकिन हम नहीं कह सकते हैं कि एक दम से वे लोग हथियार डाल देंगे। दूसरा सवाल हमारे सामने यह पैदा हुआ कि जो चीज वे मां ते हैं वह मुनासिब है वाजिब है या नहीं है।

तो जो चीज व मांगते थे, उसमें मुझे कोई खास एतराज नहीं था। जरा मेरा दिमाग अटकता था दो तीन बातों पर। एक तो यह थी कि इतनी छोटी सी स्टेट हम बनायें क्या यह ठीक है। स्टेट देने में मुझे कोई एतराज नहीं था। लेकिन छोटी सी स्टेट और स्टेट को चलाने का जो बोझा होता है वह उन पर पड़े, एक सुपरस्ट्रक्चर का, एक गवर्नर और यह और वह, काफी खर्चा होता है, मिनिस्ट्रीज सब होती हैं, यह मैं सोचता था। पैसे की तरफ मेरा ख्याल था। मेरा ख्याल ज्यादा इस तरफ था कि ज्यादा खर्चा न हो और टीमटाम न हो।

दूसरा मेरा दिमाग जो अटका वह इस लिए अटका कि एक नया नागालैण्ड हो। नागालैण्ड नाम मुझे बुरा नहीं लगता है। लेकिन बहरसूरत एक नई तरफ जाना था। अब तक जो नाम हैं हमारे प्रदेशों के, राज्यों के वे दूसरी ही तरह के हैं। लेकिन फिर भी ये दोनों बातें ऐसी नही थीं, मेरी राय में और उसूल की वजह से, कि मैं उन से झगड़ा करता। मैंने उनसे कहा कि मुनासिब हो कि आप नागालैण्ड के बजाय कोई दूसरा नाम रख दें, ट्राइबल नाम कुछ भी हो, रख दें ताकि वह नाम हम को भी पसन्द हो। उन्होंने कहा कि नहीं हम यही रखेंगे। मैंने कहा कि अगर आप इसरार करते हैं तो मुझे स्वीकार है मैं बहस नही करूंगा। और भी एक बात है और उनका दूसरा करना बेमानी नहीं है। पिछले दस बरसों से उनकी सारी तहरीक इससे बंध गई थी, इस शब्द से बंध गई थी, इस नाम से बंध गई थी और अगर इसको न किया जाता तो जो दुश्मन हैं वहां, वे उससे फायदा उठाते। तो नागालैण्ड कहें या कुछ और, हमने मंजूर कर लिया। जहां तक नाम का सम्बन्ध है, वह बुरा नाम नहीं है।

साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि वाकया तो यह है और आप इसको याद रखें कि वह एक अलग स्टेट तो नहीं है लेकिन एक अलग हिस्सा हिन्दुस्तान का कई बरस से है। यानी हम कोई रिआर्गेनाइजेशन नहीं कर रहे हैं। हम नए एरिया की कोई नई स्टेट नहीं बना रहे हैं। हम इसको किसी से अलग नहीं कर रहे हैं। असल में अलग तो वह जमाने से था। अगर जाब्ते से पूछिये तो वह अलग था और अब तीन बरस हो गए हैं उसको अलग हुए। अलग उनका एडमिनिस्ट्रेशन है। यह कोई रिआर्गेनाइजशन नहीं है, किसी और स्टेट के हम दो टुकड़े नहीं कर रहे हैं। खाली हमारे सामने सवाल था कि एक जो चीज अलग है उसको अधिकार हम कितने दें। इतना ही सवाल था कि स्टेटस क्या दें, अधिकार क्या दें। अधिकार देने को हम हमेशा राजी थे, शुरू से राजी थे। खाली जो हम अटके तो इसी बात को लेकर कि स्टेट उसको कहे तो स्टेट के साथ धूमधाम होती है और क्यों बांधें इसके साथ खर्चे को। सिर्फ इतना ही सवाल था। दूसरा कोई सवाल नहीं था। जो खर्चा नई स्टेट में होगा वह आखिर उससे कम ही होगा जो हम कर रहे हैं, बाद में ज्यादा नहीं होगा, चाहे इधर हो या उधर हो। तो जब वे मुझ से मिले तो मैंने उनसे कहा कि आप स्टेट कहते हैं, स्टेट आपको मुबारिक हो, मुझे कोई एत-

राज नहीं है लेकिन अगर आप समझते है कि और स्टेट्स में हमारे यहां टीमटाम है वह सब आपके यहां भी हो तो मुझे उसमें ऐतराज है, स्टेट्स के लिये नहीं है । किसी कद्र मेरा यह ख्याल है कि गलती से हम फंस गए हैं इस सब टीमटाम में मेरा मतलब गवर्नर वगैरह से है । सारा खर्च हमारे ऊपर है । फंस गए तो फंस गए, निकलना मुश्किल है ।

श्री बजराज सिंह : कोशिश तो कीजिये ।

श्री जवाहरलाल नेहरु : तो यह सब कुछ नागालैण्ड में हो, यह तो बर्दाश्त की बात नहीं है । मैंने कहा कि जो मुनासिब खर्चे हैं और जगह बड़ी बड़ी स्टेट्स में, मिनिस्टरीज हैं और यह है और वह है, यह सब चीज आपके यहां मौजूद नही होगी । इस किस्म के खर्चे जरा सी जगह के लिये, जो कि दिल्ली के मुहल्ले के बराबर है, मुनासिब नहीं मालूम देते हैं । उन्होंने कहा कि हां हम मंजूर करते हैं कि इस किस्म के खर्चे न हों और हमारे यहां खर्चे का जो हिसाब लगाया जाए वह दूसरे ढंग से हो और नकल न की जाए और स्टेट्स की । जो मिनिस्टर्स हों या कुछ और हों, वे हमारे ढंग से हों । फिर आप जानते हैं कि यह मंजूर हुआ कि गवर्नर वहां कोई अलग न हो और हाईकोर्ट भी इसी तरह है । तो आप गौर करें और देखें कि सिर्फ एक ही बात हुई है और वह बात अहमियत रखती है, यह मैं मानता हूं । एक जो अलग एंटिटी थी, एक माने में एक अलग स्टेट थी जिसका स्टेट्स कम था, जिसकी पावर्स नहीं थी, उसको पावर्स हमने दी हैं और स्टेट्स दिया है । एंटिटी वही रही, कहीं से काटा नहीं, कहीं से लिया नहीं और न किसी को दिया और जो बात हम चाहते थे खास तौर से, यनी उन लोगों को अपनाना उसकी कोशिश की गई है । असल चीज यह है कि दस बरस से कोशिश हमारी यह रही है चाहे वहां फौज जाए या कोई जाए, कि उन लोगों को अपनाया जाए उन्हें अपनी तरफ लाया जाए और वह हिस्सा भी हिन्दुस्तान का एक मजबूत हिस्सा हो जाए, अंग हो जाए, उस कोशिश को कामयाब बनाने के लिये मैं समझता हूं कि हमने अच्छा कदम उठाया है ।

17 hrs.

अब मैं कैसे पक्के तौर से कहूं कि कितने दिन में वे झगड़ा फिसाद खत्म कर देंगे या और क्या क्या कदम उठेंगे । लेकिन मेरा ख्याल है कि इससे झगड़ा फिसाद ज्यादा दिन तक, बहुत दिन तक नहीं चलेगा । थोड़ा बहुत चलेगा, वह और बात है ।

बहरसूरत जो भी कुछ हुआ वह मैंने आपके सामने रख दिया है और मैंने राय दी इस कदम को उठाने की और इस चीज को आपके सामने पेश कर दिया । अक्सर होता है कि वाकयात के दबाव, से, कम्पलशन आफ इवैंट्स से कड़वे घूंट पीने पड़ते हैं और बहुत दफा पीने पड़ते हैं । लेकिन इस मामले में कड़वा घूंट यह मेरे लिए नहीं था । यह मैंने खुशी से मंजूर किया है, सही समझ कर मंजूर किया है और सही समझ कर आपके सामने पेश किया है । मैं आप से साफ साफ कह दूं कि एक बात का और ख्याल था हालांकि उससे इसका कोई सीधा ताल्लुक नहीं है । जो विचार था वह यह कि इसका असर भारत के और हिस्सों पर भी पड़ेगा जैसे कि किसी भाई ने कहा कि साहब इसका असर अकाली आन्दोलन पर पड़ेगा । तो यह ख्याल था हालांकि इसका उससे कोई सम्बन्ध नहीं है । यह एक अलग चीज है । अलग स्टेट है । होमोजीनियस स्टेट है । पूरी तरह से अलग है और उनको कुछ अधिकार देना था । किसी से अलग नहीं करना था । लेकिन सम्बन्ध हो या न हो, लोग उससे फायदा उठा सकते हैं । अब सिवा इसके और क्या किया जा सकता है कि उनके दिमाग से इस गलत फहमी को दूर किया जाए । लेकिन इसकी वजह से हम दूसरी जगह नाइन्साफी करें यह तो मुनासिब नहीं मालूम देता ।

जैसा मैंने कहा कि यह तो एक्सटरनल एफेअर्स मिनिस्ट्री का सवाल है, तो इसका

[श्री जवाहरलाल नेहरू]

जिक्र कांस्टीट्यूशन में नहीं होगा, वह तो एक अन्दरूनी इन्तिजाम की बत है, और यकीनन मौका आएगा—मेरी तो जाती राय है—कि होम मिनिस्ट्री इसको ले ले। लेकिन वह लोग तो हमारे सारे कांस्टीट्यूशन को समझते नहीं थे। एक चीज को जानते थे पहचानते थे और उन्होंने कहा कि दूसरी चीज शायद ठीक न हो। इसलिए उनसे बहस करके उनके दिल में शक पैदा करना मुनासिब नहीं समझा और हमने मंजूर कर लिया। और इतनी मंजूर करने की बात भी नहीं थी। इस वक्त यही हो सकता है। अगर हम ऐसा न करते तो हमको सारा सिलसिला नेफा का बदलना होता और उसको होम मिनस्ट्री में लाना होता जो कि बहुत मुश्किल होता, क्योंकि जो हमने सरविस बनायी है नेफा वगैरह के लिए वही वहां चल सकती है। वहां खास किस्म के आदमी ही जा सकते हैं। आपका मामूली इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सरविस का आदमी वहां नहीं जा सकता। नहीं जा सकता इसलिए कि कई बातें हैं। एक तो इसलिए कि जो लोग वहां जाएं उनके शरीर बड़े तगड़े होने चाहिए। जो जरा भी ढ़ीला हो वह वहां नहीं जा सकता, उसको फिजीकली फिट होना चाहिए, फिजीकली स्ट्रांग होना चाहिए। दूसरे जो लोग वहां जाते हैं उनकी सारी दुनिया से अलग रहना होता है, वहां दुनिया के कम्फर्ट, सिनेमा वगैरह नहीं हैं। वहां कोई तमाशा नहीं है। वहां जंगलों में रहना होता है, हिम्मत से रहना होता है, तमाशों से दूर रहना होता है, अक्सर अपने परिवारों से अलग रहना होता है। इसलिए लोग वहां जाने के लिए आसानी से राजी नहीं होते। इसलिए हमने वहां के लिए एक खास पोलीटिकल सरविस बनायी और उसके लिए कुछ आदमी फौज से चुने गए और कुछ दूसरी सरविसेज से लिए गए। उनको ज्यादा तनख्वाह दी जाती है। तो उनको अगर हम एक दम से मिला देते तो दिक्कत पेश आती क्योंकि दूसरे लोग वहां जाने से इन्कार करते।

डा० मा० श्री० अणे (नागपुर): आप के हिसाब से आपने इसको एक्सटरनल एफेयर्स मिनिस्ट्री में रखना ठीक समझा?

श्री जवाहरलाल नेहरू: जैसा मैं ने कहा इस वक्त यही हो सकता है और कुछ नहीं हो सकता। चाहे वह मानते या न मानते, इस वक्त यही हो सकता है। लेकिन जब गाड़ी चलने लगे तो अच्छी बात हो कि वह और स्टेट्स की तरह होम मिनिस्ट्री में चला जाए।

मुझे कोई शक नहीं और जो खबर हमारे पास आयी है उससे भी यही पता चलता है कि जो हमने यह आरजी फैसला किया है उसका नागा लैंड में अच्छा असर हुआ है। आप याद रखें कि यह असर किन पर पैदा करना है। कुछ लोग पूछ सकते हैं कि साहब जो फिजो के साथी हैं उन पर क्या असर हुआ होगा। मैं नहीं जवाब दे सकता इसका, गालिबन कोई असर न हुआ हो या बुरा असर हुआ हो। मैं नहीं जानता कि फिजो के साथी कितने हैं। लेकिन फर्ज कर लीजिए कि वह १० फीसदी हों या १५ या २० फीसदी हों। फर्ज कर लीजिए कि यह जो लोग हमारे पास आए थे ये २० या २५ फीसदी हैं। लेकिन बीच में ६० या ७० फीसदी ऐसे लोग हैं जो कि न किसी सूरत में फिजो के साथी हैं और जो न गिरे पड़ते हैं हमसे गले मिलने को। वह बेचारे अपनी जिन्दगी बसर करना चाहते हैं शान्ति से और किसी कदर आराम से और आजादी से। तो हमारे सामने सवाल यह है कि इन ६०–७० फीसदी को कैसे खींचें अपनी तरफ। जो दुश्मन के तौर पर अलग खड़े हुए हैं उन को हिलाना मुश्किल है। लेकिन अगर हम इन ६०–७० फीसदी को अपनी तरफ खींच सकें तो ८० फीसदी आबादी को हम अपनी तरफ कर लेंगे। तो देखना यह है कि इन लोगों पर क्या असर होत है जोकि बीच के लोग हैं। जो लोग बीच के होते हैं वह ज्यादातर पोलीटिकली माइडेड नहीं होते। वह अपने घर में इज्जत से रहना चाहते हैं उन को हमें अपनाना

हैं । मेरा खयाल है कि जो कनवेंशन के लोग यहां आये थे वह किसी कदर उन की नुमायदगी करते हैं और उन के ऊपर अच्छा असर हुआ ।

किसी साहब ने कहा कि वह ईसाई है, लेकिन पूरे तौर से यह बात सही नहीं है । आबादी के लिहाज से बहुत कम ईसाई हैं । ज्यादातर को मैं नहीं जानता कि क्या कहूं । उन को हिन्दू कहना सही नहीं होगा । जो उन को हिन्दू समझते हैं वह गलत समझते हैं । बहर-सूरत, वह न ईसाई हैं और न हिन्दू हैं बल्कि एनिमिस्ट हैं । लेकिन यह बात सही है कि जो वहां ईसाई नागा हैं लीडरशिप उन की ही है । इस की वजह यह है कि वही पढ़े लिखे हैं । उन को उनकी भाषा रोमन लिपि में पढ़ाई गई है । उन को मिशनरीज ने ही रोमन लिपि में पढ़ाया है । पढ़े लिखे होने से अधिकतर वही लीडर हैं हालांकि गिनती में वह कम है ।

यह कहा गया कि वहां जाने से लोगों को रोका जाता है, लशायद अजराज सिंह जी ने यह कहा था । अंग्रेजों के जमाने में भी लोगों को वहां जाने से रोका जाता था लेकिन उस की कुछ और वजुहात थीं ।

हम ने भी इस पर गौर किया और हम ने देखा कि जो लोग वहां भारत के और हिस्सों से जाते हैं वह बहुत गड़बड़ी पैदा करते हैं । कौन लोग यहां भारत के और हिस्सों से आते थे ? आम तौर से व्यापारी आते थे । और व्यापारी आ कर उन्हें बुरी तरह से एक्सप्लाइट करते थे । वह निहायत सीधे सादे आदमी हैं, उन को मारकेट इकानमी वगैरह से क्या मतलब । लोग यहां से जा कर उन को धोखा देते थे और एक्सप्लाइट करते थे और उन के टेस्ट को भी खराब करते थे । यहां से सस्ते फैबरिक्स ले जा कर उन की सुन्दर चीजों को मारकेट से निकाल देते थे । हम यह पसन्द नहीं करते, इसलिये हम ने उन को रोका । हम ने उन की काटेज इंडस्ट्रीज को एनकरेज किया और यहां की चीजों के लिये भी कोआपरेटिव्स खुलवाईं ताकि वह चीजें उन को उन के मारफत मिलें और उन का एक्स्प्लायटेशन न हो ।

दूसरे बाहर के लोग वहां जा कर जमीन खरीदते हैं, यह झगड़े की बात है । वहां जमीन की ज्यादा कद्र है जैसी कि और जगह भी है । अगर कोई बाहर का आदमी वहां जा कर किसी को दस पैसे का लालच दे कर जमीन खरीदे तो झगड़े पैदा होते हैं । तो हमने उन की जमीन को प्रोटेक्ट किया । याद रखिये कि हमारे कांस्टीट्यूशन के छठे शिड्यूल में एक खास क्लाज है जिस में हिली एरियाज में जमीन को बचाने का प्रावीजन है ।

एक और भी दिक्कत होती थी । हमारे जो एडमिनिस्ट्रेटर वहां गये और पोलीटिकल आफिसर गये, उन के नौकर चाकर भी गये और कंट्रैक्टर भी गये । उन से भी परेशानी पैदा हुई—एडमिनिस्ट्रेटर्स से नहीं क्योंकि उन को तो हम समझा देते थे, लेकिन जो उन के हाली मवाली उन के साथ जाते थे, वह नहीं समझते थे कि वह कैसा मुल्क है । तो झगड़े होने लगे, कभी औरतों के सिलसिले में कभी किसी और वजह से । वहां ट्राइबल बलवे हो जाते थे अगर हमारे किसी नौकर चाकर से किसी औरत का ताल्लुक हो गया । तो हम झगड़ों में फंसे । इसलिये हम ने इस को रोका ।

और एक चीज है जो हर आदमी को जो वहां जाय समझनी चाहिये । यह लोग—मैं इस वक्त नागाओं के बारे में नहीं कहता—आप इन को किसी कदर वहशी कह लीजिये—हालांकि यह पूरे तौर से ऐसे नहीं हैं, बाज बातों में हैं बाज में नहीं हैं—तगड़े लोग हैं, बेइज्जती को बरदाश्त नहीं कर सकते । जैसे यहां गालीगलौज को लोग बरदाश्त कर लेते हैं, वहां नहीं करते ।

श्री त्यागी : (देहरादून) : अच्छा है ।

श्री जवाहरलाल नेहरु : अगर त्यागी जी वहां जायें तो इन को बहुत फूंक फूंक कर कर कदम बढ़ाना होगा ।

वहां एक बहुत बड़ा इंसीडेंट हुआ जोकि आज तक याद किया जाता है । कोई चालीस पचास बरस हुए कि एक अंग्रेज वहां एक काफिला और कुछ फौज ले कर गया । वह उन की किसी चीज पर, उन के किसी कस्टम पर हंस दिया, उस ने उन के कस्टम का मजाक उड़ाया । उसी रोज रात को वह सारा काफिला और वह अफसर कत्ल कर दिया गया क्योंकि उन लोगों ने समझा कि इस तरह हंस कर उस ने उन की बेइज्जती की थी । तो आप देखें, यह तो वहां का टैम्पर है । ऐसे तो वहां लोग हैं, सिम्पल लोग जोकि जरा भी नाराज हो जायें तो बदला लें । इसलिये वहां पर आम तौर से भेज देना बड़ा खतरनाक है और झगड़ा बढ़ सकता है : मैं ने कोशिश की कि न वहां पर ठेकेदार जायें और न ठेकेदार के साथ काम करने वाले लोग जायें । कुछ जाना ही पड़ता है । इस तरह से रोकथाम हो । अब हमारे सामने एक नया सवाल पेश हुआ है, कुछ और वजूहात से, वहां के लोगों से नहीं, कुछ हमारी फौजें वहां सरहद के पास हैं । इसलिये मैं ने लम्बे लम्बे सरकुलर्स भेजे हैं फौज को समझाने के लिये कि कैसा उन के साथ बर्ताव किया जाय । अब उनके साथ फौजी धमकियां नहीं चलती हैं बल्कि जरूरत है उन को अपनाने की । उन को अपनाओ, उन से दोस्ती करो और न तो उन की औरतों में और न किसी और चीज में कोई दखल दो । इसलिये आप समझें कि यह आसान बातें नहीं थीं । ऐसा नहीं था कि हम दरवाजा खोल दें और हर एक यहां से उधर चला जाय और जिस से कि हमारे लिये वहां पर नई नई प्राब्लम्स उठ खड़ी हों । इसलिये आप इन सब मसलों पर गौर करें ।

आप देखेंगे कि हालांकि जो बात हम करते हैं वह एक मानी में एक नया कदम है क्योंकि हम एक छोटी सी जगह को लेकर एक नया राज्य बनाया चाहते हैं लेकिन वह कोई रिकौंस्टीट्यूशन नहीं है और वह कोई रिआर्गेनाइजेशन आफ स्टेट्स नहीं है बल्कि वह तो एक छोटे से इलाके को स्टेटस देना है और अधिकार देना है । वह बिलकुल एक होमोजैनस शकल की चीज है । अब वाकया तो यह है कि उसकी सारी बैकग्राउन्ड आपकी और हिन्दुस्तान की बैकग्राउन्ड से और संस्कृति से अलग है । अब मैं इस मौके पर इस बहस में नहीं जाता हालांकि यह बड़ी दिलचस्प बहस है कि ऐसी कौमों के लोगों से किस ढंग से बर्ताव होना चाहिए । अब बाज लोग तो उनको मौडर्नाइज किया चाहते हैं बड़ी तेजी से और बाज लोग उनको रखा चाहते हैं अजायबघर में । यह दो चीजें हैं । मेरी राय में यह दोनों चीजें गलत हैं । अजायबघर में रखना भी गलत है और मौडर्नाइज करना भी ठीक न होगा । अब मौडर्नाइज करने के मानी क्या होते हैं । उसके लिए पहले तो बनिये की दुकान वहां पर खोल और वह अपने कपड़े बेचें और उनका सारा आर्ट और कल्चर खत्म कर दिया जाय । उनको एक्स्प्लाएट किया जाय और वह एक ओपेन मार्केट हो जाय । फिर जैसे कि हमारे कुछ अफसरों की भी राय थी कि उनको ब्वाय स्काउट का काम सिखाया जाय । अब आप ही सोचिये कि ब्वाय स्काउट का काम उनको सिखलाना चाहते हैं जो कि जंगल के रहने वाले हैं और जो कि हजार गुना हम से वहां के बारे में ज्यादा जानकारी रखते हैं और उनको सिखायेंगे ब्वाय स्काउट्स कि कसे जंगल में वे रहें तो यह तो एक निकम्मी बात और बेमानी बात होगी । इसी तरह यह जो हमारे लाक्स हैं, कम्युनिटी डवैलपमेंट ब्लाक्स हैं, अब उनकी बाबत वहां वे सरकुलर्स निकलते हैं और जो कि हिनयत मौजूं हो और जगहों के लिए लेकिन जब वही सरकुलर नागा हिल्स में पहुंचता है या नेफा में पहुंचता है तो वहां के लिए वह बिलकुल नामौजूं है । उस जगह से उसका कोई ताल्लुक नहीं है और पहले जो

वहां भेजा सो गलती हो गई लेकिन अब उसकी रोकथाम हो गई । तो यह दिक्कतें होती हैं ।

मेरा खयाल है कि वैरियर ब्लेबिन ने जो इस बारे में किताब लिखी है और उसमें जिक्र किया है और मैंने उसकी प्रस्तावना लिखी है अगर आपको दिलचस्पी हो जानने के लिए कि हमारी नीति हमारी फिलासफी क्या है उस ऐरिया में तो वह किताब यहां लाइब्रेरी में रखी हुई है उसको उठा कर पढ लें और मैं चाहता हूं कि आप उसको जरूर पढ़ें क्योंकि उस किताब में इन बातों पर काफी बहस हुई है । यह कोई आज की किताब नहीं है बल्कि वह चार, पांच वर्ष पहले की लिखी हुई है ।

जहां तक श्री जयपाल सिंह का ताल्लुक है मैं उनकी राय की बड़ी कद्र करता हूं और इस वक्त वह शिलांग में ट्राइबल एफेर्यस के हमारे औफिशिएल ऐडवाइजर हैं । मुझे खुशी है कि यह बहस हुई क्योंकि इससे कुछ ज्यादा रोशनी इस मसले पर पड़ी है । अब कांस्टीट्यूशन के एमेंड करने की बात सामने आई है ।

श्री राजपेयी : अध्यक्ष महोदय, म उन माननीय सदस्यों को और प्रधान मंत्री महोदय जिन्होंने इस विवाद में भाग लिया है, धन्यवाद देता हूं । यह सन्तोष की बात है कि उन्होंने इस गलत फेहमी को दूर किया है कि नागा लैंड का कोई अलग कांस्टीट्यूशन नहीं होगा । जो भी संविधान बनेगा इस संसद् में बनेगा । इस संसद् के बाहर नहीं बनेगा । मैं समझता हूं कि नागा नेताओं ने यहां से लौटने के बाद जो बातें कही हैं उनके कारण यह गलतफहमी पैदा हुई और अब उस का निराकरण हो जाना चाहिए । यह भी सन्तोष की बात है कि उन्होंने अनुभव किया कि हमारे राज्यों में जो किसी प्रकार की टीमटाम अधिक हो गई है उसको कम किया जाना चाहिए । वह टीमटाम केवल राज्यों में ही नहीं है बल्कि वह नई दिल्ली में भी है । इस टीमटाम में भी थोड़ी सी कमी करने की जरूरत है ।

माननीय सदस्यों ने जो भाषण किये उनसे कम से कम मेरी इस आशंका की पुष्टि हो गई कि भले ही नागा लैंड प्रधान मंत्री के कथनानुसार कोई एक नया राज्य न बनाया गया हो मगर उससे देश में छोटे छोटे राज्यों की मांग को बल मिलेगा और अगर आम आदमी यह समझे कि हमारा अलग राज्य बन जायगा तो उसकी गलती नहीं है क्योंकि इस विवाद में जिन सदस्यों ने भाषण दिये उनमें किसी ने ने तो पंजाबी सूबे की वकालत की है तो किसी ने झार खंड की वकालत की है और किसी ने हिल स्टेट की मांग की है । अब अगर संसद् सदस्य भी यह समझते हैं कि जो नागा लैंड बना है उसके आधार पर और भी राज्य बनने चाहिएं तो मैंने भी तो यही कहा था । इससे फिर आम आदमी को भड़काने में कितनी सहायता मिलेगी, इसका विचार करना चाहिए । मगर मुझे विश्वास है कि जो हो गया सो हो गया, लेकिन उसके आगे अब देश का और अधिक विघटन, पुनर्गठन के नाम पर नहीं किया जायगा और हमें आशा करनी चाहिए कि नागा प्रदेश में शांति स्थापित होगी और वहां के लोग शेष भारतवासियों की तरह भारत के नागरिक की भाँति से और भारतमाता के पुत्र के नाते एक समान संस्कृति के उत्तराधिकारी के रूप में देश के विकास में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे ।

Mr. Speaker: The House will now stand adjourned till 11 A.M. tomorrow.

17.18 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, the 19th August, 1960/Sravana 28, 1882 (Saka).

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS . . 3073—3108

S.Q. No.	Subjects	Columns
486	Fertilizer plant in West Bengal	3073—76
487	Flats in Vinay Marg	3076-77
488	Extradition Treaty	3077-78
489	Development of Hilly regions of Punjab	3078—80
490	Tibetan refugees	3380—83
491	National tribunal for Bank employees	3083-84
493	Export of manganese ore	3084—87
494	Manufacture of Agricultural Tractors	3087—91
495	European Common market	3091—94
496	Replanting of rubber	3095—96
497	Provident Fund	3096-97
498	Sino-Indian border dispute	3097-3103
499	Prices of yarn	3103—07
500	Trade Agreement with Indonesia	3107—08

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS . . 3108—3201

S.Q. No.		
492	State Trading Corporation	3108
501	Transistor Radio sets	3108-09
502	Accommodation for industrial workers	3109
503	Export of mica	3110
504	Assistance to private film producers	3110-11
505	"Carry-over" Investment from Second Five Year Plan	3111
506	Exodus of Pakistanis to India	3111-12
507	Annual Conferences in Srinagar during summer	3112
508	Outer Seven Scheme of the European Countries	3113
509	Training-*cum*-Production Centre for Artistic Handicrafts	3113-14
510	Production of Vitamin 'C'	3114-15
511	Solvent Extraction Plants	3115-16

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS—*contd.*

S.Q. No.	Subjects	Columns
512	Indians arrested by Chinese	3116-17
513	Indian Troops for Congo	3117-18
514	Central Government Employees' Unions	3118
515	Cycle factory at Mysore	3118
516	Soviet Friendship University	3119-20
517	Damua Colliery	3120
518	"Discovery of India"	3120-21
519	Martyrs' Memorial in Delhi	3121
520	Wage Board for Plantation Industry	3121-22
521	Okhla Industrial Estate	3122
522	Employees' Provident Funds Act	3122-23
523	Survey of Indian Ocean	3123-24
524	Paper Mills at Rajahmundry	3124
525	Aluminium Plant at Salem	3124-25
526	Export of fans	3125-26
527	Cable factory in Thripunithura	3126-27
528	Indians in Tibet	3127-28
529	Asians in Uganda	3128
530	Production of fertilizers	3129
531	Building Construction Corporation	3129
532	Indra Market, Delhi	3130
533	Synthetic Rubber Plant, Bareilly	3130
534	Demarcation of Indo-Pakistan Border	3131
535	Closure of textile mills	3132
536	New China News Agency	3132-33

U.S.Q. No.		
908	Financial allotment to Kerala State	3133-34
909	Industrial Development of Maharashtra	3134
910	Production of Plastics	3135
911	Small-scale Handloom Industries in Maharashtra	3135
912	Import of Hand-made Paper	4136

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS—*contd.*

U.S.Q. No.	Subject	COLUMNS
913	Road Transport Study Team	3136-37
914	Supply of radio sets under Community Listening Scheme	3137
915	Loss of timber at Gun Carriage Factory, Jabalpur	3138
916	Manufacture of bamboo boards	3138
917	Agar wood	3139
918	Preparation of Aromatics	3139-40
919	Rubber diluent	3140-41
920	Charcoal for producer gas plants	3141-42
921	Preparation of tan extracts	3142
922	Industrial Estate at Warangal	3142-43
923	Ratlam and Bhopal Slum Clearance projects	3143
924	Indian students in West Germany	3143-44
925	Civic services in Displaced Persons colonies	3144
926	Manufacture of Scooters at Ludhiana	3144-45
927	Khadi and Village Industries Board, U.P.	3145-46
928	Silk Industry in Uttar Pradesh	3146
929	Unemployment in Uttar Pradesh	3146-47
930	Training in Business Management	3147-48
931	Documentaries	3148
932	Eligible stall holders	3148-49
933	Salt Industry	3149-50
934	Indian National Trade Union Congress	3150—52
935	Commonwealth Economic Committee	3151—53
936	Accommodation to Heads of Political Parties	3153-54
937	Electronic equipment	3154-55
938	Employees' State Insurance Scheme	3155
939	"Coirolite"	3155
940	Hindustan Salt Co., Ltd.	3156
941	Diamond Cut Tool Factory	3156
942	Trade Centre in New York	3156
943	Enquiry Report on Calcutta Tramways Strike	3157
944	Dye stuff case	3157
945	Sheds in Industrial Estates	3157-58
946	Loan for Land Development	3158
947	Photographic goods	3158-59
948	Report of Salt Committee	3159
949	Development of Handicrafts	3159-60
950	Khadi and Gramodyog Centres in Himachal Pradesh	3160
951	Iron, Copper and Brass for Himachal Pradesh	3161-62
952	Cottage Industries and Medicinal Herbs	3162
953	Rupee Payment Agreements	3162-63
954	World Agricultural Fair	3163
955	Public Undertakings	3163-64
956	Export of tea to U.S.A.	3164
957	Uranium deposits in Salem	3165
958	Welfare of domestic servants in Delhi	3165-66
959	Sanitex Chemical Industries Ltd., Baroda	3166
960	Purnea District Refugees Association	2167
961	Electrolytic Manganese	3168
962	Ladakhis in Tibet	3168
963	Coffee plantation in Orissa	3168-69
964	Second Five Year Plan	3169
965	Work and Orientation centres in Maharashtra	3169-70
966	Small Scale Industries	3170
967	Tea Industry in Assam	3170-71
968	Purchases from Small Scale and Cottage Industry Sectors	3171

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS—*contd.*

U.S.Q. No.	Subject	COLUMNS
969	Sale of Small Industries Products	3171-72
970	Handloom Industry of Madras	3172-73
971	Rural cells in Industries Departments	3173
972	Metal factories in Rajasthan	3174
973	Remodelling of Tehar	3174-75
974	Printing and writing paper	3175-76
975	Companies dissolved under Companies Act	3176-77
976	Encroachments on Common Parts in Government colonies	3177-78
977	Government Presses,	3178-79
978	Leather Industry in Andhra Pradesh	3179
979	Middle Income Group Housing Scheme in Punjab	3179
980	Asafoetida	3180
981	International Conferences	3180
982	Welfare Measures in Andaman Islands	3181
983	Emporium for Cottage Industries in Calcutta.	3181-82
984	India Electric Works Ltd.	3182
985	Heavy Electricals (P) Ltd.	3182-83
986	Non-claimant displaced persons in Ulhasnagar	3183-84
987	Renewal of passports	3184
988	Work and Orientation centres in Kerala	3185
989	Unemployment in Delhi	3185
990	Pakistani border raid	3186
991	Trade delegations	3186
992	Parliamentary Delegation to West Germany	3187
993	Indian News Review Films	3187
994	Small scale industries in Punjab	3187-88
995	Tibetan refugees	3188
996	Engineering Graduates in A.I.R.	3188-89
997	Tea production in Kerala	3189
998	Coffee production in Kerala	3189-90
999	Rubber production in Kerala	3190
1000	Activated Charcoal	3191
1001	Workers in Raniganj coal-field	3192
1002	Export Trade with West Asia and Africa	3192
1003	Indian Trade Commissioners in Middle East	3192-93
1005	Paper mills in Mysore	3193
1006	Bomb on Akhnoor Cease Fire Line	3193
1007	Fertilizer Plant at Itarsi	3194
1008	Bhusandapur Refugee colony	
1009	School in Kantalbai colony in Bhusandapur	3194-95
1010	Schools in Bhusandapur colonies	3195
1011	Paper required for Census, 1960	3195-96
1012	Relief for Bhusandapur Agriculturists	3196
1013	Market in Moti Bagh-I	3196-97
1014	Nauroji Nagar, New Delhi	3197
1015	Ventilators in Government Quarters	3197-98
1016	Shopping centres in Government colonies	3198-99
1017	Evacuee Houses in Punjab	3199-3200
1018	Rural evacuee houses in Punjab	3200-01
1019	Ulhasnagar township	3201

PAPERS LAID ON THE TABLE 3202-05

(1) A copy of a Statement showing the Result of the economy measures taken during the quarter ended 31st December, 1959 (and the supplementary information for the quarters ended 30th June and 30th September, 1959)

(2) A copy of each of the following Notifications under sub-section (6) of Section 3 of

PAPERS LAID ON THE TABLE—*contd.*

COLUMNS

the Essential Commodities Act, 1955:

(*i*) G.S.R. 593 dated the 28th May, 1960

(*ii*) G.S.R. 671 dated the 18th June, 1960 making certain further amendments to the Cotton Control Order, 1955

(3) A copy of each of the following papers :

(*i*) Annual Report of the Hindustan Salt Company Limited for the year 1958-1959 along with the Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon, under sub-section (1) of Section 639 of the Companies Act, 1956

(*ii*) Review by the Government of the working of the above Company for the year 1958-59

(*iii*) Notification No. G.S.R. 932 dated the 13th August, 1960 making certain further amendments to the Salt (Reserve Stocks) Order, 1955, under sub-section (6) of Section 3 of the Essential Commodities Act, 1955 . .

(4) A copy of Notification No. G.S.R. 718 dated the 25th June, 1960 as corrected by G.S.R. 919 dated the 6th August, 1960, making certain further amendment to the Employees' Provident Funds Scheme, 1952, under sub-section (2) of Section 7 of the Employees' Provident Funds Act, 1952

(5) A copy of the Summary of main conclusions of the Third Meeting of the 18th Session of the Standding Labour Committee held at New Delhi in April, 1960

(6) A copy of "Results of Bye-elections held between April, 1959 and May, 1960".

COLUMNS

MESSAGE FROM RAJYA SABHA 3205-06

Secretary reported a message from Rajya Sabha that at its sitting held on the 16th August, 1960, Rajya Sabha had agreed without any amendment to the Manipur Land Revenue and Land Reforms Bill, 1960, passed by Lok Sabha on the 2nd August, 1960.

STATEMENT *RE.* DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL) 1960-61 3206

The Minister of Revenue and Civil Expenditure (Dr. B. Gopala Reddi) presented a statement showing Supplementary Demands for Grants in respect of the Budget (General), for 1960-61

REPORT OF COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS PRESENTED . . . 3206

Sixty-seventh Report was presented.

STATEMENT BY MINISTER 3206-07

The Deputy Minister of Labour (Shri Abid Ali) made a statement regarding accident in the Handidhua Coal Mine, Talcher.

BILLS INTRODUCED . . 3207-08

1. The Central Excises (Conversion to Metric Units) Bill, 1960.

2. The Indian Trade Unions (Amendment) Bill, 1960.

BILLS PASSED— . . . 3208—10

(1) The Deputy Minister of Finance (Shrimati Tarkeshwari Sinha) moved for the consideration of the Appropriation (No. 3) Bill, 1960. The motion was adopted. After clause-by-clause consideration the Bill was passed.

(2) The Minister of Railways (Shri Jagjivan Ram) moved for the consideration of the Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 1960. The motion was adopted. After clause-by-clause consideration, the Bill was passed.

COLUMNS

MOTION *RE* REPORT OF COMMISSIONER FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES UNDER DISCUSSION . . 3212—83

The Deputy Minister of Home Affairs (ShrimatiAlva) moved a motion for consideration of Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for the year 1958-59. The discussion was not concluded.

MOTION *RE*. NAGA HILLS AND TUENSANG AREA . 3283—3346

Shri Vajpayee moved a motion for discussion on the statement made by the Prime Minister in Lok Sabha on

COLUMNS

MOTION *RE*: NAGA HILLS AND TUENSANG AREA—*contd*.

1st August, 1960 *re* the Naga Hills and Tuensang Area. Shri Vajpayee replied to the Debate and the discussion was concluded.

AGENDA FOR FRIDAY, AUGUST 19, 1960 SRAVANA 28, 1882 (Saka)—

Further discussion on the motion to consider and passing of the Press and Registration of Books (Amendment) Bill, as passed by Rajya Sabha, further discussion on the motion *re* Report of Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and consideration of Private Members' Resolutions

GMGIPND—LS II—811 Ai LS—27-8-60—950